वर्ष 23, अंक 202, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 18 अगस्त 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### आईएमए के देशव्यापी हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित

# पीएम मोदी करें हस्तक्षेप - IMA

**नई दिल्ली : कोलकाता** में डॉक्टर की रेप और हत्या के विरोध में आईएमए के देशव्यापी हड़ताल से हेल्थ सर्विसेज बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। डॉक्टरों की हड़ताल का असर यूपी, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, कर्नाटक, गुजरात, ओडिशा में स्वास्थ्य सेवाएं पर देखने को मिल रहा है।इंडियन मेडिकल एसोसिशन (क्टअ) ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ हिंसा पर रोक लगाने के लिए एक केंद्रीय कानून लाने की मांग की। इसके साथ ही एसोसिएशन ने अस्पतालों को अनिवार्य सुरक्षा सुविधाओं के साथ सुरक्षित क्षेत्र घोषित करने के लिए 'हस्तक्षेप' की मांग की। डॉक्टरों के शीर्ष संगठन की तरफ से ये मांगे कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के कथित रेप-हत्या और उसके बाद की बर्बरता की पृष्ठभूमि में की गई हैं।

आईएमए की हड़ताल का असर

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की तरफ से इस मामले में गैर-आपातकालीन सेवाओं से 24 घंटे के राष्ट्रव्यापी हड़ताल कर रहा है। इस हड़ताल से दिल्ली एम्स समेत देशभर के सरकारी अस्पतालों में हेल्थ सर्विसेज पर असर पड़ा है। मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। राजधानी दिल्ली में रेजिडेंट डॉक्टर सोमवार से



अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। शुक्रवार को हड़ताल के छठे दिन सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ प्राइवेटअस्पताल भी इसमें शामिल हो गए हैं। सर गंगा राम, फोर्टिस एवं अपोलो जैसे अस्पतालों ने अपनी ओपीडी, वैकल्पिक सर्जरी एवं आईपीडी सेवाएं बंद कर दी हैं।

आईएमए ने एक बयान में कहा कि वह इस घटना के बाद से 'अत्यधिक चिंतित' है। एसोसिएशन ने पश्चिम बंगाल सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। आईएमए की तरफ से हेल्थवर्कर्स की सुरक्षा और कामकाजी परिस्थितियों को बेहतर बनाने के लिए कई उपाय प्रस्तावित किए हैं।

## एयरपोर्ट की तर्ज पर सुरक्षा

**आईएमए** ने एक केंद्रीय अधिनियम की वकालत की है। इसमें मौजूदा राज्य कानूनों से परे सुरक्षा को मजबूत करने के लिए "स्वास्थ्य सेवा कर्मी और नैदानिक स्थापना (हिंसा और संपत्ति को नुकसान पर प्रतिबंध) विधेयक 2019" में महामारी रोग अधिनियम के 2020 संशोधनों को शामिल किया जाए। वे सिफारिश करते हैं कि अस्पताल सुरक्षा प्रोटोकॉल को हवाई अड्डों के अनुरूप उठाया जाए। इसमें सीसीटीवी और कर्मियों की तैनाती जैसे अनिवार्य सुरक्षा उपाय शामिल हैं।

कैसे हो डॉक्टरों-नर्सों की सुरक्षा? सरकार बनाएगी समिति, स्वास्थ्य मंत्री ने दिया आश्वासन डॉक्टरों के काम की स्थितियों में बदलाव हो

इसके अलावा, वे रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए काम करने की स्थितियों में बदलाव की मांग की गई है। इसमें 36 घंटे की शिफ्ट और अपर्याप्त आराम स्थान जैसे मुद्दों को सुलझाने पर जोर दिया गया है। क्टअ हेल्थ वर्कर्स के खिलाफ अपराधों की पूरी और समयबद्ध जांच और प्रभावित परिवारों के लिए उचित, सम्मानजनक मुआवजे की भी मांग करता है।

## कांग्रेस अध्यक्ष घोटालेबाजों को बचाने के लिए बेंगलुरु चले गए, क्या कोलकाता भी जाएंगे? : संबित पात्रा

**नई दिल्ली। भाजपा** ने कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा मुदा घोटाले में राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर मुकदमा चलाने की अनुमति देने के लिए उन्हें धन्यवाद कहा है। इसके साथ ही भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और गांधी परिवार से सवाल भी पूछे हैं।

भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि गांधी परिवार के पदचिन्हों पर चलते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुदा) में चार हजार करोड़ रुपए का घोटाला किया है। इससे पहले गांधी परिवार ने भी नेशनल हेराल्ड मामले में इसी तरह से घोटाला किया था, जो पांच हजार करोड़ रुपए का था, जिस मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी दोनों जमानत पर हैं।

उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर मुकदमा चलाने की अनुमति देने के लिए राज्यपाल को धन्यवाद कहते हुए कहा कि पहले इस तरह की अनुमति मांगने की फाइल पर गवर्नर बैठ जाया करते थे, मनमोहन सिंह के कार्यकाल में राजनीतिक कारणों से इस तरह के मामलों में मुकदमा चलाने की अनुमति नहीं दी जाती थी। लेकिन,



कर्नाटक में मुदा भूमि घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ राज्यपाल ने मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। इसके लिए राज्यपाल धन्यवाद के पात्र हैं। मोदी सरकार में किसी भी भ्रष्टाचारी को छोड़ा नहीं जाता है। इसके पीछे की पटकथा क्या है, सभी को पता है। राज्यपाल के इस फैसले से साफ हो गया है कि सिद्धारमैया और उनके परिवार ने लैंड अलॉटमेंट में घोटाला किया है।

उन्होंने कहा कि 2004 में सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती के भाई ने लगभग 3.61 एकड़ जमीन केसरी नामक गांव में खरीदी थी। 2005 में पार्वती इसकी मालकिन बनी थीं। बाद में मालूम हुआ कि ये लैंड ट्रांसफर डील हो ही नहीं सकता था, क्योंकि ये दलित की भूमि थी। बाद में पता लगा कि मुदा द्वारा सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को इसके बदले 14 प्लॉट दिए जा चुके हैं। पात्रा ने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेंगलुरु पहुंचने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे पूछना चाहते हैं कि वे घोटालेबाजों को बचाने के लिए तो बेंगलुरु चले गए, लेकिन क्या वे कोलकाता भी जाएंगे?

उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा था कि 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं', तो, क्या राहुल गांधी और प्रियंका गांधी कोलकाता जाएंगे? कर्नाटक के घोटाले और पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ हुई रेप और हत्या के मामले को लेकर निशाना साधते हुए पात्रा ने कहा कि हाल ही में कांग्रेस और टीएमसी के सांसदों ने संविधान की प्रति लेकर संसद सदस्यता की शपथ ली थी। लेकिन, किस प्रकार से इंडी गठबंधन के नेताओं और उनकी राज्य सरकारों द्वारा संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है।


## उदयपुर चाकूबाजी घटना में प्रशासन का बड़ा एक्शन, आरोपी छात्र के घर पर चला बुलडोजर

**जयपुर : राजस्थान** के उदयपुर में दो गुटों में तनाव के अगले ही दिन यानी शनिवार को राजधानी जयपुर में भी कुछ लोगों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। जयपुर में रास्ते में गाड़ी आगे-पीछे करने को लेकर मारपीट में एक युवक की मौत के बाद शनिवार को शास्त्री नगर थाने में जमकर हंगामा हुआ। उसके परिवार और समर्थकों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। यह घटना शुक्रवार रात की है जब दिनेश स्वामी नामक युवक की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी थी। इस घटना में दिनेश को गंभीर चोटें आई थीं और बाद में अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे शास्त्री नगर थाना क्षेत्र के आजाद नगर में ई-रिक्शा और एक स्कूटी चालक के बीच गाड़ी आगे पीछे करने को लेकर कहासुनी हो गई। इस दौरान ई-रिक्शा पर सवार कुछ युवकों ने स्कूटी सवार दिनेश स्वामी और उसके साथी जितेंद्र के साथ मारपीट की।

## 15000 फीट की ऊंचाई पर आरोग्य मैत्री हेल्थ क्यूब का सफल एयर ड्रॉप

**नई दिल्ली: भारतीय** वायु सेना और इंडियन आर्मी ने संयुक्त रूप से 15,000 फीट के ऊंचाई वाले क्षेत्र में आरोग्य मैत्री स्वास्थ्य क्यूब का पहला सफल पैरा-ड्रॉप ऑपरेशन किया। इन महत?वपूर्ण ट्रामा केयर क?यूब को इल्कक्टअ प्रोजेक्ट (भारत हेल्थ इनीशिएटिव फॉर सहयोग हित और मैत्री) के तहत स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वि?जन में यह अभियान शुरू किया गया है। इसमें मानवीय सहायता और आपदा राहत



(एचएडीआर) प्रभावित क्षेत्रों को महत्वपूर्ण आपूर्ति प्रदान करना निर्धारित है।

हरक्यूलिस एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल

हरक्यूलिस एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल

भारतीय वायु सेना ने क्यूब को एयरलिफ्ट करने और सही तरीके से पैरा-ड्रॉप करने के लिए सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया।

### हमारे प्रधानमंत्री ने चुनाव टाल दिए हैं, झारखंड और महाराष्ट्र उनके लिए महत्वपूर्ण नहीं हैं - संजय राउत

## झारखंड और महाराष्ट्र केंद्र सरकार के लिए महत्वपूर्ण नहीं : संजय राउत

**नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर** और हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। इस बीच शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र और झारखंड के लिए तारीखें तय न करने पर केंद्र पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने चुनाव टाल दिए हैं। झारखंड और महाराष्ट्र उनके लिए महत्वपूर्ण नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री 15 अगस्त को लाल किले से एक राष्ट्र एक चुनाव की बात करते हैं और पीएम नरेंद्र मोदी चार राज्यों में एक साथ चुनाव नहीं करा सकते। जब उनसे इसका कारण पूछा गया तो उन्होंने बताया कि इसका कारण बारिश और त्यौहार है।



उन्होंने आगे कहा कि शिवसेना ने महाराष्ट्र को तीन मुख्यमंत्री दिए हैं और यहां की राजनीतिक परंपरा बहुत शानदार रही है। देवेंद्र फडणवीस को यह बात समझनी चाहिए।

फडणवीस ने सूद (बदले) की राजनीति शुरू की है, लेकिन शिवसेना ऐसी राजनीति में विश्वास नहीं करती।

बता दें कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों का ऐलान हो चुका है। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में मतदान होगा, जबकि हरियाणा में एक ही चरण में मतदान होगा।

दोनों के चुनाव नतीजे 4 अक्टूबर को एक साथ घोषित किए जाएंगे।

## कैसे हो डॉक्टरों-नर्सों की सुरक्षा? सरकार बनाएगी समिति

**नई दिल्ली : पश्चिम** बंगाल में महिला डॉक्टर के रेप और हत्या मामले में हंगामा जारी है। जांच कर रही उइकटीम आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पहुंची है। वहीं इस मुद्दे इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने आज हड़ताल का आह्वान किया है। देशभर में डॉक्टर स्ट्राइक पर हैं। ऐसे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्थिति को संभालने और डॉक्टरों को मनाने की कवायद शुरू की है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने डॉक्टरों को सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार समिति बनाएगी। सरकार ने ये फैसला डॉक्टर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की बैठक के बाद लिया।

फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (FORDA), इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) और दिल्ली के सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन्स के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से मुलाकात की है। एसोसिएशन ने वर्क स्टेशन पर स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा को लेकर अपनी मांगें रखी हैं।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस को लेकर बिहार में डॉक्टरों की हड़ताल

**पटना। पश्चिम** बंगाल के कोलकाता में महिला चिकित्सक की हत्या के विरोध में बिहार के डॉक्टर गुस्से में हैं। चिकित्सकों के हड़ताल पर जाने के कारण स्वास्थ्य सेवा चरमरा गई है।

पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच), नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एनएमसीएच), मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच सहित कई जिलों के सदर अस्पताल में सुबह बड़ी संख्या में



मरीज आए, लेकिन आउटडोर सेवा बंद रहने के कारण वापस लौट गए। इलाज नहीं होने से कुछ मरीज इधर-उधर भटकते रहे।

### गुरुग्राम के एंबियंस मॉल को बम से उड़ाने की धमकी

## पुलिस व बम स्क्वॉड मौके पर पहुंचे

**गुरुग्राम। गुरुग्राम** के एंबियंस मॉल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी एक ई-मेल के जरिए भेजी गई है। इसमें मॉल प्रबंधन को सूचित किया गया कि बिल्डिंग में बम प्लांट किए गए हैं और मॉल के अंदर मौजूद हर व्यक्ति की जान से मारने की धमकी दी गई है।

ई-मेल में लिखा गया है कि ह्णआप में से कोई भी बच नहीं पाएगा। आपकी मौत होनी है। मैंने बिल्डिंग में बम इसलिए लगाए, क्योंकि मुझे अपनी जिंदगी से नफरत है।

मॉल प्रबंधन को ई-मेल मिलने पर




पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही गुरुग्राम पुलिस और बम स्क्वॉड की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मॉल की पूरी तरह से तलाशी ली। मॉल को खाली कराया गया और सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया।

पुलिस और बम स्क्वॉड टीम ने मॉल के अंदर सघनता से जांच की और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल, सुरक्षा एजेंसियां धमकी की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए मामले की गहराई से जांच कर रही हैं और मॉल की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। इस घटना ने मॉल में शॉपिंग कर रहे ग्राहकों और स्टाफ के बीच डर का माहौल पैदा कर दिया है।



## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** इलाकाई थाना क्षेत्र के ऊंचडीह बाजार के समीप शनिवार की सायं करीब पांच बजे दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के मनू का पूरा गांव निवासी मनीष श्रीवास्तव पुत्र विशंभर नाथ किसी काम से ऊंचडीह बाजार गया हुआ था वापसी में जैसे ही वह कुछ दूरी पर पहुंचा ही था कि सामने से आ रहे एक बाइक पर सवार अंशु पटेल पुत्र समलेश पटेल, विपिन पटेल पुत्र शिवनाथ व अनुराग गुप्ता पुत्र ज्ञानचन्द्र निवासीगण लक्षन चौकठा थाना मांडा से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। सूचना पर मेजा कोतवाली के उपनिरीक्षक बलवंत यादव मय पुलिस टीम मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहां रास्ते में एक बाइक सवार मनीष श्रीवास्तव (45) निवासी मनू का पूरा की मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक पर सवार तीनों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर मृतक के परिजन भी रोते-बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक में छलका ग्राम प्रधानों, बीडीसी मेंबरों का दर्द

### बैठक में कोई तहसील का अधिकारी नहीं आता,राजस्व विभाग के बदौलत विकास कार्य में आ रहीं बाधाएं, सदन की कार्यवाही के जरिए डीएम एसडीएम को पत्र भेजने की मांग




**कोरांव।** गत शुक्रवार 16 अगस्त को पूर्व में जारी एजेंडानुसार भागीरथी गार्डेन में क्षेत्र पंचायत की बैठक बुलाई गई,जिसमे मुख्य अतिथि विधायक कोरांव को बनाया गया था किंतु वे नहीं पहुंचे जो चर्चा का विषय बना रहा। बैठक की कार्यवाही सदन में चली तो पंचायतीराज विभाग द्वारा ग्राम्य विकास से संबंधित निर्माण कार्यों पर चर्चा हुई। जिसमे कहा गया कि प्रधान लोग नए प्रस्ताव के अनुसार कार्य आगे नहीं बढ़ा रहे। जिस पर कई प्रधानों ने राजस्व विभाग के लेखपाल को जिम्मेदार ठहराए। प्रधानों की ओर से प्रधान लीडर्स ने सदन को बताया कि लेखपाल भूमि प्रबंधक समिति का सचिव मंत्री होता है। किंतु जब उसे प्रधान बैठक या अन्य माध्यम से स्वयं बताया जाता है कि जीएस लैंड को खाली कराना है या दुर्पयोग हो रही बंजर परती भूमिका गरीबों को पट्टे देना है अवैध कब्जे से मुक्त कराना है तो लेखपाल के पास समय नहीं है। कई चक्रोड नालिया खलिहान नवीन परती बंजर नाला की जमीनें जिस पर मनरेगा से कार्य होना है पेड़ लगाना है या आवंटित लोगों को कब्जा दिलाना है तो प्रधानों को कोई नहीं सुनता। न ही एसएफएम तहसीलदार सुनते हैं। जिससे समग्र विकास में बाधा आ रही। सदन में आश्वस्त किया गया कि अविलंब पत्र उक्त अधिकारियों के पास जारी किया जाएगा। चर्चा है कि एसडीएम ने सोशल मीडिया से जानकारी दी कि लेखपाल पंचायत भवनों पर सुम्मवार को बैठेंगे,किंतु कोई नहीं बैठा। बीडीसी के दर्द थे कि प्रमुख बीडीओ सभी को कुछ न कुछ कार्य कराने के लिए दें। इसी तरह छोटी ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने भी सदन में कुछ न कुछ विकास के निमित्त कार्य योजना प्रस्तुत की। जिस पर प्रमुख और बीडीओ कोरांव को प्रसाद वितरण करना है। आश्वासन तो दिया गया सदन के सदस्यों को किंतु वह समय बताएगा। किसको क्या मिला क्या नहीं। प्रधानों ने सचिवों की लापरवाही से कई पुरुस्कार योजनाएं और कई विकास परक कार्य में कामयाबी न मिलने का ढींगरा फोड़ा। कुल मिला कर खंड विकास अधिकारी कोरांव सदन की बैठक का हवाला देते हुए पंचायतों के तरफ से उठे सवाल, प्रस्ताव, समस्याओं को विधिवत डीएम प्रयागराज, सीडीओ और एसडीएम कोरांव को पत्र भेज कर त्वरित उपरोक्त समस्याओं के निदान कराए जाने की मांग की है अन्यथा कागजों पर प्रधान अध्यक्ष और कागजों पर ही सचिव और मंत्री लेखपाल बने रहेंगे।

## न्यूज झरोखा

### कार्यकर्ता का सम्मान स्वाभिमान कम नहीं होने पाएगा-केशव मौर्य



**हनुमानगंज।** अंदावा में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही 2014 से 2022-24 में प्रचण्ड बहुमत से केन्द्र व प्रदेश में सरकार बनीं। कार्यकर्ता अपने मनोयोग से सभी चुनावों में अपने बूथ पर भाजपा के पक्ष में मतदान करा कर बूथ जीता कर सांसद, विधायक, मेयर बनाकर प्रयागराज की राजनीति में नया कितीर्मान बनाया। कार्यकर्ताओं की पीड़ा सभी जनप्रतिनिधियों की पीड़ा होनी चाहिए इससे कार्यकर्ता के मन में उत्साह और इच्छा शक्ति के साथ अपने गांव, समाज में मान-सम्मान बढ़ता है। लोकसभा चुनाव में विपक्ष के लोगों द्वारा भ्रामक प्रचार किया कि संविधान खतरे में है, प्रत्येक महिलाओं को प्रतिमाह साढ़े आठ हजार रुपए देने का प्रलोभन दिया गया ऐसे ही कुछ प्रलोभन के कारण मतदाता प्रभावित हुआ। भाजपा की सरकार ने विकास इतना किया कि जो पूर्व की सरकारों ने 70 साल में नहीं किया। बैठक को फूलपुर में होने जा रहे उप चुनाव की तैयारी भी बताई गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कविता पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष दीलीप पटेल, जिला प्रभारी उत्तर मौर्य, सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष बीके सिंह, महापौर गणेश केशरवानी, गुरु प्रसाद मौर्य, अमरनाथ तिवारी, कन्हैया लाल पाण्डेय, निर्मला पासवान, पूर्व सांसद केशरी देवी, महामंत्री मनोज कुमार निषाद, जीत लाल त्रिपाठी, हरि भूषण सिंह, जिला मिडिया प्रभारी गंगापार बृजेश कुमार त्रिपाठी, धनंजय मिश्रा मोनू आदि मौजूद रहे।

### बारा तहसील में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



**शिकायती प्रार्थना पत्र 149 निस्तारण शून्य**

**लालापुर /बारा।** शनिवार को बारा में संपूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी बारा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस पर 149 प्रार्थना पत्र आया। राजस्व विभाग से 78,पुलिस विभाग 20, विकास विभाग से 20, विद्युत विभाग से 10,जलनिगम विभाग से 2, लोक निर्माण विभाग से 4, खाद्यान्न एवं रसद विभाग से 2, सिंचाई विभाग 01, शिक्षा विभाग से 4, स्वास्थ्य विभाग से 1, लोक निर्माण विभाग 4 इस मौके पर एसीपी बारा संतलाल सरोज, नायब तहसीलदार बारा, खण्ड विकास अधिकारी जसरा,खण्ड विकास अधिकारी शंकरगढ़,बारा विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार निषाद,राजस्व निरीक्षक लेखपाल सहित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक है रक्षाबंधन : गिरीश पाण्डेय



**हनुमानगंज।** धनैचा मलखानपुर स्थित आशुतोष मेमोरियल स्कूल में बच्चों ने भाई बहन के प्रेम का पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया। विद्यालय के छात्रा बहनों ने उनके साथ पढ़ने वाले छात्र भाइयों की कलाई पर स्नेह और सुरक्षा का प्रतीक रक्षा सूत्र बाँधा और भाइयों ने प्रेम स्वरूप विविध उपहार भेट किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. गिरीश कुमार पाण्डेय ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए कहा कि रक्षाबंधन में भाई की कलाई पर बाँधा जाने बाला धागा मात्र धागा नहीं है बल्कि वह भाई-बहन के बीच अटूट स्नेह और अपनत्व का प्रतीक है। यही हमारी भारतीय संस्कृति की विशेषता भी है।

## शिक्षामित्रों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार पर लगाया हीला हवाली करने का आरोप

**सरकार द्वारा गठित कमेटी के साथ हुई संगठन की बैठक में बने प्रस्ताव पर अमल करने की मांग**



**फूलपुर।** सरकार द्वारा शिक्षामित्रों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। अल्प मानदेय में भी अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन करने वाला शिक्षामित्र आज सरकार की बादाखिलाफी का शिकार है। यह बातें शनिवार को फूलपुर में आयोजित प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की फूलपुर ईकाई की बैठक में संगठन के जिला महामंत्री सुनील तिवारी ने शिक्षामित्रों के बीच कही। उन्होंने कहा की 18 अक्टूबर 2023 को सरकार द्वारा बनाई गई कमेटी के साथ हुई संगठन की बैठक का प्रस्ताव तैयार है परन्तु सरकार हीला हवाली कर रही है। अगर सरकार अतिशीघ्र शिक्षामित्रों के प्रस्ताव पर विचार नहीं करती है तो संगठन 5 सितम्बर को आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए बाध्य होगा। अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र मोहन मिश्रा ने शिक्षामित्रों को एकजुटता का परिचय देते हुए अपने अधिकारों के लिए संगठित रहने की अपील की। जिला संगठन मंत्री विवेक सिंह ने शिक्षामित्रों में जोश भरते हुए आर पार की लड़ाई में बढ़ चढ़ कर रहने की बात कही। वहीं महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष गीता राकेश संगठित रहने के लिए सभी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। बैठक का कुशल संचालन राजकुमार यादव ने किया।बैठक में मुख्य रूप से संतोष द्विवेदी, श्यामजी शर्मा, तारा चन्द्र, मो समीम, राकेश कुमार,राम नरेश, मानिक चन्द्र, गायत्री पटेल, आरती यादव , नीता यादव, सुनीता यादव, सुमन पटेल,सुमित्रा कुशवाहा, कुसुम सिंह ,सुनीता भारतीय, कलावती पाल सहित दर्जनों की संख्या में शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

## राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जसरा प्रयागराज में 78वां स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**जसरा।** जसरा के राजकीय बालिका इंटर कालेज में प्रधानाचार्या मंजुलेश विश्वकर्मा के द्वारा ध्वजा रोहण किया गया तत्पश्चात राष्ट्रगान व बड़े ही जोश के साथ वीर शहीदों के सम्मान में नारे लगाए गये! मंजुलेश विश्वकर्मा ने बताया कि आजादी तीन शब्दों से मिलकर बना है इसी आजादी को पाने के लिये भारत ने दो सौ साल तक अंग्रेजो से लड़ाई लड़ी, भारत की स्वतंत्रता की यात्रा अपार बलिदान साहस और एकता से भरी हुई है।1857 के विद्रोह से लेकर भारत छोड़ो आंदोलन तक हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने हमारी स्वतंत्रता के लिये कई चुनौतियों का सामना किया।इसके बाद विद्यालय परिसर में छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।उक्त कार्यक्रम में मौजूद रहे, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी देवांशिका सिंह प्रयाग संगम सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा,उपाध्यक्ष राम जी त्रिपाठी, मयंक ओझा,विद्यालय परिसर से सुनीता मालवीय, नीता त्रिपाठी, रीना यादव,कीर्ति अवस्थी, रुफिया अल्वी,रितु सिंह गीतांजलि, सुमन यादव गुप्ता,जमाल, नैंशी, गोला आदि उपस्थित रही।

## पंडित जयनारायण त्रिपाठी इंटर कालेज में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**मेजा।** क्षेत्र के पंडित जयनारायण त्रिपाठी इंटर कालेज में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच 78 वा स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं स्कूल के प्रबंधक पंडित श्रीकृष्ण त्रिपाठी विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर सलामी दिया। तत्पश्चात विद्यालय में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं अन्य आमंत्रित अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस का महापर्व हम सबके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है इसी दिन देश को अंग्रेजों से आजादी मिली है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे बीर स्ववतंत्रता सेनानियों ने आजादी प्राप्त करने के लिए बड़ी कुबार्नी दी है तब कहीं जाकर देश को आजादी मिली है। उन्होंने कहा देश को आजाद कराने में स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इसी क्रम में विद्यालय के उपप्रबंधक शांति प्रसाद पांडेय , प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह कोषाध्यक्ष पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी ने भी क्रमवार आजादी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान विद्यालय छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहनीय प्रस्तुति भी की गई जिसकी उपस्थित लोगों ने काफी प्रसंशा किया। इस मौके पर राकेश पांडेय, दिनेश तिवारी, ताराशंकर पांडेय, रविशंकर दुबे, चंद्रभूषण पांडेय, विकास त्रिपाठी,रविशंकर प्रजापति,विक्की पांडेय,कुश त्रिपाठी, तथा शुभम त्रिपाठी आदि के अलावा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाए व छात्र छात्राएं प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान से ही देश को मिली आजादी - सुशील मिश्रा

**दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कालेज में चल रहे स्वराज सप्ताह का स्वतंत्रता दिवस के महापर्व पर हुआ समापन धूमधाम से रंगारंग कार्यक्रमों के बीच मना पर्व**




**मेजा।** बीते 8अगस्त से चल रहे स्वराज सप्ताह के अर्न्तगत गुरुवार को दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एण्ड कालेज में चल रहे स्वराज सप्ताह का समापन सभी बच्चों, शिक्षक- शिक्षिकाओं के द्वारा तिरंगा यात्रा निकालकर तथा हाउस वाइस कक्षा वर्ग बच्चों के मार्चपास्ट के पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल के चेयरमैन सुशील मिश्रा के कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण करके झण्डे को सलामी दी गई। तत्पश्चात बच्चों को सम्बोधन करते हुए उन्होंने ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस प्रत्येक नागरिक के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है हमारे पूर्वजों ने स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए हसते हसते अपने जीवन की कुबार्नी दी है और अंग्रेजो से दो दो हाथ किया है । तब जाकर हम लोगो को खुले आसमान के नीचे अपनी बात रखने, अपना अधिकार रखने,तथा खुली हवा में सास लेने की आजादी मिली है। श्री मिश्र ने आगे कहा स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से ही हमारा देश आजाद हुआ इसलिए आजादी के महत्व को हर नागरिक को आत्मसात करने की जरूरत है। इसी प्रकार पूर्व में 8 अगस्त को देश भक्ति गीत एवं कविताओं तथा 9 अगस्त को खेलकूद समारोह, 10 अगस्त को आर्ट कंपीटीशन व वृक्षारोपण, 12 अगस्त को रक्षाबंधन एवं फैन्सी ड्रेस कंपीटीशन, 13 अगस्त को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। 14 अगस्त को तिरंगा यात्रा एवं 15अगस्त को मार्चपास्ट एवं रंगारंग कार्यक्रम के साथ स्वराज सप्ताह का समापन किया गया। स्कूल की प्रबंधक डा० स्वतंत्र मिश्रा ने स्कूल के चेयरमैन को धन्यवाद देते हुए कहा कि विगत सप्ताह में हमारे विद्यालय प्रांगण में बच्चों के भीतर देश की अखंडता एवं स्वतंत्रता के महत्व को समझाने के लिए समस्त शिक्षक एवं शिक्षकाओं , क्वार्डिनेटर, इचार्ज कैप्टन एवं सभी बच्चों को इस लयबद्ध कार्यक्रम की प्रेरणा स्कूल के वाइस प्रिंसपल सृजन मिश्रा ने जो प्रदान किया है वह बेहद सराहनीय रहा है।

## देश को आजाद कराने में स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका अहम - डा. आद्या प्रसाद पांडेय

**अम्बिका पब्लिक स्कूल में रंगारंग कार्यक्रमों के बीच हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस का पर्व**



**मेजा।** गुरुवार को अम्बिका पब्लिक स्कूल (पंडित का पूरा) मेजा रोड प्रयागराज में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ 78 वा स्वतन्त्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के चेयरमैन तथा मुख्य अतिथि डॉ आद्या प्रसाद पाण्डेय आई पी एस एवं पूर्व डी जी पी के सम्मान में सरस्वती बंदना से आगाज किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य पियूष श्रीवास्तव की मौजूदगी में चेयरमैन श्री पांडेय द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस दौरान राष्ट्रगान के बाद विद्यालय के छात्रों ने मार्च पास्ट कर ध्वज को सलामी दी। विद्यालय के चेयरमैन डॉ आद्या प्रसाद पाण्डेय ने बच्चों को संबोधित करते हुए आशीर्वाद के साथ शुभकामनाएं दी और कहा कि देश को स्वतंत्र कराने वाले स्वतन्त्रता सेनानियों का सम्मान करना चाहिये क्योंकि देश को आजाद कराने में स्वतंत्रता सेनानियों की अहम भूमिका है। जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग पंजाबी, मराठी, राजस्थानी,झूमर और देश भक्ति पर आधारित गानों पर अलग-अलग हाऊस और अलग अलग कक्षाओं की छात्र , छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम एवं नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में दक्षिता, आख्या, अन्वेषी, सात्विकी, प्रतीक्षा गुप्ता, प्रेरणा शुक्ला, सौम्या शुक्ला, अदिति मिश्रा, अनुष्का, सात्विकी, अंशिका, दिव्यांशी, मोनिका आदि छात्राओं ने सुन्दर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई जिसकी उपस्थित लोगों ने जमकर प्रसंशा किया। विद्यालय के अश्वनी पांडेय , समृद्धि पाठक, और स्मृति पांडेय ने देश भक्ति भाषण दिया। इसी क्रम में हामिद सिंह और स्मृति पाठक द्वारा अति सुंदर एंकरिंग की गई। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य पियूष श्रीवास्तव द्वारा संबोधित कर छात्र, छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे नौनिहालों का उत्साह देखने लायक रहा। उनका उत्साह इस कदर था कि नौनिहालों ने छोटे छोटे हाथों से तिरंगे को मानो आसमान पर रखना चाहतें हो।स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के अध्यापक, अध्यापिकाओं जिसमेंदिनेश प्रताप सिंह, दीपांजलि सिंह, अभिषेक केसरवानी, उत्कर्ष मिश्रा, रीता यादव, जयलक्ष्मी तिवारी, सुभाष कुशवाहा, नवीन मिश्रा,रेनू यादव आदि का पूर्ण समर्पण एवं सहयोग रहा। विद्यालय प्रबंधन के अध्यापकों का कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा।

### लालापुर तरहार क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




**लालापुर।** क्षेत्र के लालापुर थाना परिसर में थानाध्यक्ष लालापुर अजय कुमार मिश्र,क्वालिटी स्टोन वर्क्स तथा प्रतापपुर एग्रोफार्म में सैय्यद अवसाफ अली व हमजा अवसाफ,मां शिव कुमारी शुक्ला इंटर कालेज भटपुरा लालपुर में प्रबंधक विवेक शुक्ल उर्फ. लाला,श्रीहरिशंकर पांडेय इंटर कालेज में प्रबंधक करुणा निधान पांडेय,पंडित विष्णुराम तिवारी इंटर कालेज में प्रबंधक सुरेश त्रिपाठी,जय गोविंद पांडेय हायर सेकेण्ड्री स्कूल ओठगी तरहार में प्रबंधक जय गोविंद पांडेय,रामराज इंटर कालेज बेलामुंडी में प्रबंधक रामकुमार तिवारी,प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय डेराबारी में राम बाबू मिश्र व शेर सिंह,पण्डुवा में प्रधान दीपेश मिश्र ,प्रतापपुर में प्रधान राम करन निषाद,सेमरी तरहार में राम नरेश ने ध्वजारोहण किया।इस अवसर पर कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इस मौके पर डेराबारी में अर्चना उमराव,कृष्णकांत पटेल, संजीव कुमार,रवि पाण्डेय, राहुल सिंह,जगतराज सिंह,मनीष मिश्र,लालापुर से संदीप केशरवानी,रोहित शुक्ला,राहुल,गोलू,सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### बारिश से कच्चा 3 कच्चा मकान गिरे



सरिता सरोज का गिरा मकान

**मऊआइमा।** रूक रूक कर हो रही कभी हल्की कभी तेज बारिश से कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला शुरू हो गया है।बीती रात दो अलग अलग गांवों में तीन मकानों की गिरने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि ग्राम शहबाजपुर निवासी सरिता सरोज पत्नी संतोष कुमार का कच्चा मकान गिर पडा।इसी क्रम में ग्राम महरौंडा निवासनीय नाजिया बीबी पत्नी वामिक अंसार तथा लक्षमीना देवी पत्नी झंगू का कच्चा मकान भी गिर पडा। परिजनों इधर उधर आशियाना की तलाश में लगे हैं। इसकी सूचना प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद दानिश ने लेखपाल को दी। हालांकि प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि उक्त सभी गरीब असहाय सभी मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के पात्र हैं।जिसके लिए कोशिश की जा रही है।

## जीएस अकादमी धरवारा में छात्रों ने अमर शहीदों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

### राष्ट्र नायक शहीदों का सपना साकार होंगा - विनय प्रताप




**करछना।** क्षेत्र के जीएस अकादमी धरवारा की ओर से विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं विद्यालय प्रबंधन एवं गणमान्य लोगों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम आयोजित कर बड़े धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया इस अवसर ध्वाजारोहण,कर तिरंगा यात्रा प्रभात भेरी निकाल कर अमर शहीदों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विनय प्रताप सिंह उर्फ बिन्नू?? सिंह ने देश की आजादी के लिए प्राण न्योच्छावर करने वाले अमर शहीदों की शहादत को कभी भुलाया नही जा सकता। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एकबार फिर शहीदों के सम्मान और उनके अरमान के साथ अखण्ड भारत के लिए एकजुटता की जरूरत है इसी से हमारे राष्ट्र नायक और अमर शहीदों का सपना साकार होंगा? इस अवसर पर विद्यालय परिवार प्रबंधन व छात्र छात्राओं सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई और बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## झंडारोहण के पश्चात बच्चों ने बिखेरे जलवे किया सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति



**सहसों।** स्वतंत्रता दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाते हुए क्षेत्र के गुलालपुर स्थित राजाराम तिवारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल का संयुक्त रुप से विद्यालय के प्रांगण में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी ने झंडारोहण कर तिरंगे को प्रणाम करते हुए बच्चों के साथ राष्ट्रगान गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण से प्रभात फेरी निकाली गई। तत्पश्चात बच्चों द्वारा विविध रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक नृत्य, लोक गीत, राष्ट्रीय गीत, कजरी गीत एवं मनोहारी नाट्य कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए सभी का मन मोह जलवे बिखेरे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को देश के वीर सपूतों, वीरांगनाओं एवं बलिदानियों तथा क्रांतिकारी के अतीत को बताते हुए उनके जीवन एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। महापुरुषों, बलिदानियों एवं वीरांगनाओं को याद कर शत-शत नमन किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर कृष्णा तिवारी निर्देशक महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल, कमलाकांत शुक्ला, राजेश मिश्र, प्रमोद नारायण मिश्र, मूलचंद जी आदि समस्त कर्मचारी क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों एवं अभिभावक बंधु उपस्थित रहे। इसी प्रकार छत्रपति शिवाजी पीजी कॉलेज सहसों में प्रबंधक एवं भाजपा नेता अनिरुद्ध सिंह पटेल, प्रयाग पीजी कॉलेज हेतापट्टी में प्रबंधक डॉक्टर राम दत्त तिवारी, कार्यालय खण्ड विकास सहसों में प्रमुख गीता सिंह, सहसों साधन सहकारी समिति लिमिटेड भोपतपुर में अध्यक्ष चंद्रधर द्विवेदी एवं नवयुवक ब्राम्हण समाज कार्यालय गारापुर पर अध्यक्ष लवकेश मिश्रा, भरद्वाज गुरुकुलम रुदापुर देवनहरी में डायरेक्टर अधिवक्ता देवराज उपाध्याय एवं युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी कार्यालय सहसों पर अध्यक्ष चंद्र प्रकाश केसरवानी सहित क्षेत्र के तमाम विद्यालयों, संस्थाओं एवं कार्यालय में झंडारोहण कर तिरंगे को प्रणाम करते हुए वीर सपूतों को याद कर नमन किया गया।

### कार सवार बदमाशों ने चाचा भतीजी को पीट कर किया घायल

**सहसों।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के ननका का पूरा उमरी गांव निवासिनी काजल अपने चाचा संतोष भारतीय के साथ फूलपुर गई हुई थी। शाम को बाइक से ही वापस घर लौट रही थी। आरोप है कि वह जैसे ही चिरौड़ा गांव के पनवरिया के सामने सुनसान स्थान पर पहुंची कार सवार लोगों ने ओवरटेक करते हुए उसकी बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे बाईक सवार सड़क पर गिर पड़े। आरोप है कि कार सवार लोगों ने सरिया से उन पर हमला बोल दिया। जिसमें बाइक से बाहर लोगों को गंभीर चोट आ गई। युवती का आरोप है कि उसके गले से सोने की जंजीर लूट ली और भाग निकले। उसके चाचा संतोष को भी चोटे आई हैं। सूचना पर पहुंची फूलपुर पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर में उपचार हेतु भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में इंस्पेक्टर फूलपुर प्रवीण कुमार गौतम का कहना है कि युवती को कार सवार लोगों ने मारा पीटा जंजीर भी लूट ली, घटना पर संदेह है। फिलहाल मामले की छानबीन में पुलिस जुटी हुई है।

### पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई की मनाई गई पुण्यतिथि

**सहसों।** जनता पार्टी के कार्यालय सहसों पर भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश द्विवेदी की अध्यक्षता में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर उपस्थित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर मुख्य वक्ता भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह भारत देश के लिए विकास की गाथा लिखकर अमर हो गए। वह प्रखर वक्ता, विद्वान, रचनाकार, कवि एवं राजनीति के पुरोधा रहे। उन्होंने विकसित भारत की एक नई लकीर खींच दी जो आज मील का पत्थर साबित हो रहा है। उनकी अमर रचना "हार नहीं मानूंगा रार नहीं ठानूंगा, काल के कपाल में लिखता मिटाता हूं गीत नया गाता हूं" जैसे कई रचनात्मक कृति आज भी सभी भारतीय के दिलों में जीवंत हैं। इस मौके पर रमेश कुमार द्विवेदी, राकेश प्रसाद मिश्रा, चिंतामणि शुक्ला, राजधर द्विवेदी, चंद्रेश केसरवानी, संजय सिंह, अनिल सरोज, अमन सिंह राजपूत, अंकित सरोज, सुभाष चंद्र शुक्ला, मनीष कुमार तिवारी सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हंडिया तहसील में डीएम ने सुनी जनता की समस्याएं

## सम्पूर्ण समाधान दिवस : 386 शिकायतो में , 15 का मौके पर किया गया निस्तारण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में शनिवार को हण्डिया तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जनसमयाओं को सुनते हुए सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उनके विभाग से सम्बंधित शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने कहा कि जन-शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शिकायतकर्ता शिव कुमारी पत्नी रामनरेश पाण्डेय निवासी जरांव परगना केवाई तहसील हण्डिया के द्वारा उनकी जमीन पर कुछ लोगो के द्वारा अवैधानिक तरीके से निर्माण कराये जाने की शिकायत किए जाने पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी हण्डिया को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए एक सप्ताह के अंदर कृतकार्यवाही से अवगत कराये जाने के लिए कहा है। शिकायतकर्ता अरविन्द सिंह यादव निवासी ग्राम डुबकी खुर्द तहसील हण्डिया के द्वारा हैण्ड पम्प रिबोर कराये जाने का प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसपर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी हण्डिया को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा है। शिकायतकर्ता रामचरित्र विश्वकर्मा निवासी जवराडीह तहसील हण्डिया के द्वारा ग्राम सभा की भूमि पर भूमाफियाओं के द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी हण्डिया को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा है। शिकायतकर्ता प्रभाशंकर तिवारी (सोनू) निवासी ग्राम जसवां मनोहरपुर परगना केवाई तहसील हण्डिया के द्वारा ग्राम के कुछ लोगो के द्वारा तालाब पर कब्जा किए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी हण्डिया को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। राजेश कुमार निवासी ग्राम मदीपुर तहसील हण्डिया के द्वारा उनकी पुस्तैनी भूमि पर जबरन कब्जा कर बाउण्ड्रीवाल बनाये जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी हण्डिया एवं एसीपी हण्डिया को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। इसी प्रकार मनोज कुमार दूबे निवासी ग्राम- बीबीपुर दसेर तहसील हण्डिया के द्वारा अतिक्रमण हटवाने, प्रार्थी प्रकाश पाण्डेय ग्राम जरांव, परगना मह तहसील हण्डिया के द्वारा रास्ते पर अवैध कब्जा की शिकायत पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है।सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 386 शिकायतें आयी, जिनमें 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को आज ही प्राप्त करते हुए उनको निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही एवं उदासीनता पाये जाने पर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती, एसडीएम हण्डिया दिग्विजय सिंह, तहसीलदार हण्डिया सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गंगा में कूदे शिक्षक की दूसरे दिन अरैल में मिली लाश

**पत्नी ने पुलिस से की लिखित शिकायत प्रधानाचार्य पर लगाया उत्पीड़न का आरोप**

**शिक्षक की तलाश के लिए वाराणसी से बुलाई गई थी एनडीआरएफ की टीम**

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** गंगा में कूदे गांधी इंटर कॉलेज पटेलनगर झूंसी के प्रवक्ता करुणा शंकर शुक्ला का शव शनिवार की शाम नैनी अरैल के पास मिला। एनडीआरएफ मैं पूरा दिन सर्च ऑपरेशन चलाया तब जाकर शाम को कामयाबी मिली। वही शिक्षक की पत्नी ने स्कूल के प्रधानाचार्य पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांधी इंटर कॉलेज के प्रवक्ता करुणा शंकर शुक्ला शुक्रवार को अपनी पत्नी माधवी शुक्ला के साथ रिक्शा से इलाज के लिए एसआरएन जा रहे थे। इसी बीच वह रिक्शा रुकवा कर उतरे और सीधे गंगा में कूद गए। पत्नी ने शोर मचाया तो मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई जल पुलिस गोताखोरों की मदद से देर शाम तक सर्च ऑपरेशन चलाया पर शिक्षक का कोई पता नहीं चला शनिवार को भी पूरे दिन गंगा में शिक्षक की तलाश जारी रही शाम को एनडीआरफ ने शिक्षक का शक नैनी के अरैल से बरामद कर पुलिस को सौप दिया। इस दौरान परिजनों के साथ-साथ कई शिक्षक भी घाट पर मौजूद रहे। पत्नी माधवी व दोनो बच्चो का रो रो का बुरा हाल है। माधवी ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य जय प्रकाश वर्मा पर पति के उत्पीड़न का आरोप लगाया। उनका कहना है कि उत्पीड़न की वजह से हमारे पति ने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बस कंडक्टर की तालाब में मिली लाश

**झूंसी।** स्थानी थाना क्षेत्र के नीबी गांव में शनिवार की शाम तालाब में एक लाश दिखाने से हड़कंप मच गया मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई तभी सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। शव को बाहर निकाला गया तो उसकी पहचान गांव के ही मनोज विश्वकर्मा के रूप में हुई जो कि दो दिन से घर से गायब था। पुलिस ने बताया कि मनोज संविदा पर बस कंडक्टर था। नशे की लत की वजह से वह आएदिन कही न कही गिरा रहता था। 10 वर्ष पहले शादी हुई थी बच्चे नही थे। पत्नी उषा ने बताया कि वह दो दिन से घर से गायब था। आसपास पता किया गया पर पता नही चला। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया तो पुलिस पंचनामा भर कर शव परिजनों को सौप दिया।

# रिटायर्ड दरोगा के सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**परिवार गया झारखंड, चोरों ने ताला तोड़कर हीरे का मंगलसूत्र और गहने उड़ाए**

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के नई झूंसी आजाद नगर में दो दिन पहले रिटायर्ड दरोगा के सूने मकान का ताला तोड़कर शातिर चोरों ने नकदी समेत लाखों के सोन-चांदी के आभूषण पार कर दिया। घटना की सूचना रिटायर्ड दरोगा को पड़ोसी से मिली तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने तफ्तीश करने के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसी प्रकार चोरों ने हवेलिया इलाके में सूने मकान का ताला तोड़कर हीरे का मंगलसूत्र और सोने के लाखों के गहने पार कर दिए। मूलतः मिजार्पुर के विंध्याचल थाना क्षेत्र के खम्हरिया दमुआन गांव निवासी सूर्य प्रसाद दूबे का मकान नई झूंसी आजाद नगर में भी है। हाल ही में वह दरोगा से रिटायर्ड हुए हैं। छह जुलाई को वह अखंड रामायण पाठ कराने के लिए अपने मिजार्पुर स्थित गांव चले गए थे। इसी बीच 14 अगस्त को पड़ोसी जयशंकर मिश्र ने देखा कि सूर्य प्रसाद दुबे के मकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। उन्होंने घटना की जानकारी रिटायर्ड दरोगा को दी। चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर दा खिल हुए थे। इसके बाद कमरे में रखी लोहे की आलमारी का ताला तोड़कर तकरीबन 70 हजार रुपए नकद, दो सोने की अंगूठी, एक नथुनी, दो पायल, कुछ सिक्के पार कर दिए थे। भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस शुक्रवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इसी प्रकार हवेलिया झूंसी निवासी सौरव मिश्र नाना की तबीयत खराब होने के कारण मां उन्हें देखने ननिहाल चली गई थी। सौरव और उसकी बहन रामगढ़ झारखंड चले गए थे। इसी बीच शातिर चोर वहां पहुंचे और मकान के दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर दाखिल हुए। चोरों ने कमरे में रखी आलमारी का ताला तोड़कर हीरे का मंगलसूत्र, सोने की नाक की नथ और अंगूठी पार कर दी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# भाजपा सरकार में हुआ है चहुंमुखी विकास- केशव प्रसाद मौर्य

## भाजपा की संगठनात्मक बैठक में डिप्टी सीएम ने गिनाई भाजपा की उपलब्धियां

अखंड भारत संदेश



भाजपा की संगठनात्मक बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

**फूलपुर।** देश व प्रदेश में जितना काम भाजपा सरकार ने किया है उतना काम किसी भी सरकार में नहीं हुआ। गांव हो या शहर विकास सबका हुआ है। झूठ की नाव ज्यादा देर नहीं टिकती है। लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने झूठ का सहारा लिया और प्रदेश की जनता को गुमराह करने का काम किया। यह बातें शनिवार को फूलपुर क्षेत्र के इफको में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित संगठनात्मक बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कही। कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा की उनके सम्मान में कोई कमी नहीं रहेगी। भाजपा गंगापार की जिलाध्यक्ष कविता पटेल ने कहा कि जो हाल कन्नौज और अयोध्या में हमारी बेटियों के साथ हुआ वो यहां न हो इसके लिए हमे यह विधानसभा उप चुनाव हर हाल में जीतना है। केबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि आने वाले विधानसभा फूलपुर के उप चुनाव को जीतने के लिए अभी से लग जाए.इस दौरान भाजपा नेताओं ने उप मुख्यमंत्री को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल,सांसद प्रवीण पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष बी के सिंह,पूर्व सांसद केशरी देवी पटेल, विधायक गुरु प्रसाद मौर्या, जिलाध्यक्ष महानगर राजेंद्र मिश्रा,पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, पूर्व जिलाध्यक्ष अमर नाथ तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैया लाल पांडेय, विभव नाथ भारती,जिला उपाध्यक्ष किरन त्रिवेदी, पूर्व एमएलसी निर्मला पासवान, ब्लाक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल,जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल, जिला महामंत्री रवि केसरवानी, जिला महामंत्री जीत लाल त्रिपाठी, मनोज निषाद, हरिभूषण सिंह, मनु प्रताप सिंह,जिला मंत्री अमर जीत कुशवाहा, अजय पांडेय,तुलसी राम सरोज,मनोज द्विवेदी, देवेंद्र गिरी, ओमप्रकाश गिरी, राजेंद्र मिश्रा, राजू पाल, आलोक गुप्ता, अरुण मिश्रा पिंटू नेता,उमेश तिवारी, विमलेश पटेल, निमिष खत्री, पवन जयसवाल, संगीता पटेल, धीरेन्द्र मिश्रा, गुड्डू राजा सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

## समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास में प्रवेश के लिए छात्र/छात्राएं करें आवेदन

**प्रयागराज।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास में निर्धन एवं मेधावी छात्र/छात्राओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्नातक छात्रों हेतु संचालित डा. भीमराव अम्बेडकर छात्रावास (बालक) चांदपुर सलोरी प्रयागराज, बीटेक एवं डिप्लोमा के छात्राओं हेतु राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास (बालिका) आईईआरटी परिसर प्रयागराज व राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास (बालक) चैथम लाइन, प्रयागराज में स्नाकोत्तर में प्रवेशित छात्रों हेतु 70 प्रतिशत सीटों पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं 30 प्रतिशत सीटों पर पिछड़ा वर्ग व सामान्य वर्ग के छात्रों को प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा रहा है। प्रयागराज में नियमित रूप से अध्ययनरत राज्य विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं आईईआटी के छात्र/छात्राओं जो शैक्षिक सत्र 2024-25 में नियमित रूप से विश्वविद्यालय/ राज्य विश्वविद्यालय/ आईईआरटी विद्यार्थी के रूप में प्रविष्ठ हो। वे छात्र अपने 10+2 की परीक्षा सत्र 2023-24 व 2024-25 में उत्तीर्ण किये हो। अपने स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश फीस रसीद के साथ दिनांक 16 अगस्त 2024 से 31 अगस्त 2024 तक किसी भी कार्य दिवस में छात्रावास कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है। पूर्ण भरे हुए आवेदन समस्त संलग्नकों सहित सम्बन्धित कुलपति/डीन/प्राचार्य से प्रमाणित कराकर सम्बन्धित छात्रावास कार्यालय में दिनांक 15 सितम्बर 2024 तक आवेदन पत्र जमा कर सकते है। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. प्रज्ञा पाण्डेय ने दी है।


# कार्यालय ग्राम पंचायत कठौली विकास खण्ड उरुवा प्रयागराज

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

ग्राम पंचायत कठौली विकास खण्ड उरुवा जनपद प्रयागराज में 14/15 वां वित्त एवम राज्य वित्त आयोग मनरेगा एवम स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नाली निर्माण नाली मरम्मत एवं पाइप खडंजा निर्माण खडंजा मरम्मत कार्य हैण्डपम्प मरम्मत और रीबोर कार्य, आगनवाड़ी केन्द्र, शौचालय निर्माण एवम मरम्मत सोलर लाइट डस्टबीन सफाई किट व सामुदायिक शौचालय एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एस०एल० डब्लू०एम के तहत होने वाले सभी निर्माण कार्य आदि में आपूर्ति होने वाली समस्त सामग्री जैसे इंटरलाकिंग ईंट सीमेंट, लाल ईट, बालू मिटटी एस०एल० डब्लू एम० सरिया स्टोन पत्थर स्टोन ग्रीट जीएसबी, दरवाजा, पेन्ट टाइल्स आपरेशन कायकल्प के अंतर्गत समस्त कार्य, बोरोना वायरस सम्बधित साफ सफाई का कार्य व चबूतरा निर्माण मास्क सेनिटाइजर, स्प्रे, मशीन दस्ताना थर्मल स्कैनिग मशीन पंचायत भवन, अंतेष्ठि स्थल के निर्माण कार्य व मरम्मत कूड़ा गाड़ी ई रिक्शा सहित आदि कार्यो में आपूर्ति की आवश्यकता है। आपूर्ति कर्ता ब्यापार कर, वाणिज्य कर आयुक्त कार्यालय में पंजीकृत हो, निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक, 24/8/2024 से 1/9/2024 तक जमा होगा। निविदा दिनाँक 2/9/2024 को निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में समिति के समक्ष 12 बजे खोली जायेगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। सामग्री की मात्रा पंचायत में स्वीकृत, प्राक्लन के अनुसार पृथक पृथक होगा। उक्त निविदा वर्ष 2024-2025 के विकास कार्य के लिए लागू है।

शम्भू लाल
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत कठौली
विकास खंड उरुवा प्रयागराज

प्रीती शुक्ला
( सचिव )
विकास खंड उरुवा
प्रयागराज


## न्यूज झरोखा

### पंचम मां गंगा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**शहर उत्तरी विधायक ने मां गंगा का किया विधि विधान से पूजन**



**फाफामऊ।** गंगा सफाई एवं जागरूकता अभियान फाफामऊ द्वारा आयोजित पंचम मां गंगा महोत्सव शुक्रवार की देर रात फाफामऊ गंगा घाट पर हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। गंगा महोत्सव के मुख्य अतिथि रहे शहर उत्तरी के विधायक हर्ष वर्धन बाजपेई ने मां गंगा की विधि विधान से पूजा पाठ कर मां गंगा को स्वच्छ और साफ रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया। और फाफामऊ गंगाघाट का सौंदीकरण और गंगा आरती हेतु स्टील की रेलिंग और आरती स्थल बनवाने का आश्वाशन दिया। लगातार 315 रविवार गंगा घाट फाफामऊ की सफाई करते हो गए हैं प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा तट पर रुद्राभिषेक कर मां गंगा की पूजा पाठ और आरती की अन्त में विशाल भंडारे में प्रसाद वितरण किया गया। गंगा महोत्सव में कार्यक्रम संयोजक अरूण शुक्ला, गंगा सफाई अध्यक्ष शैलेश प्रजापति, इंजीनियर अमित मिश्रा, दीपक दुबे, अनुरोध शुक्ला, राकेश पांडेय, अर्पित, अंकित, दीपक ओझा, विक्रांत शुक्ला, शेखर मिश्रा, पवन त्रिपाठी, शशि शुक्ला, विमल मिश्रा, सोनू जायसवाल, देव विनायक द्विवेदी, आलोक तिवारी, अजय शर्मा, सचिन जायसवाल,आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### इंद्रजीत सरोज का झूंसी में हुआ स्वागत

**झूंसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, विधानसभा फूलपुर उपचुनाव के प्रभारी इंद्रजीत सरोज का शनिवार को झूंसी में पवन द्विवेदी के आवास पर जोरदार स्वागत किया गया। इंद्रजीत सरोज फूलपुर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने जा रहे थे इस दौरान टिकर माफी मोड़ पर कार्यकताओं ने रोक कर उनका फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद वह सपा नेता पवन द्विवेदी के आवास पर गए।

### इंस्टाग्राम पर ट्रस्ट बनाने के नाम पर महिला को लगाया हजारों का चूना



**झूंसी।** थाना क्षेत्र के आवास विकास कालोनी योजना तीन में रहने वाली महिला को तकरीबन तीन माह पहले साइबर ठगों ने इंस्टाग्राम पर ट्रस्ट में सदस्यों को बढ़ाने के नाम पर हजारों रुपये का चूना लगा दिया। कालोनी निवासी श्रेया तिवारी पुत्री सत्येंद्र प्रताप तिवारी के पास 12 मई 2024 की दोपहर तकरीबन एक बजे से लेकर शाम सात बजे के बीच साइबर ठगों ने ऑनलाइन 67,000 रुपये का चूना लगा दिया। श्रेया ने पुलिस को बताया कि ऑनलाइन पोर्टल पर इंस्टाग्राम पर ट्रस्ट को बढ़ाने का कार्य दिया गया था। शुरुआत में 300 एकाउंट रिचार्ज करने को कहा गया था। इसी बीच उसे 67000 रुपये का चूना लगा दिया गया। पुलिस ने अब रिपोर्ट दर्ज की है।

# गंगा-यमुना फिर उफान, 24 घंटे में 51 सेंटीमीटर बढ़ा जलस्तर, बाढ़ के खतरे से लोग भयभीत

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** गंगा-यमुना के जलस्तर में फिर से वृद्धि शुरू हो गई है। चौबीस घंटे के भीतर यमुना के जलस्तर में 51 सेंमी की वृद्धि दर्ज की गई है। यमुना फिलहाल दो सेंमी प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रही हैं। इसी तरह गंगा के जलस्तर में भी 27 सेंमी की वृद्धि रिकॉर्ड की गई है। गंगा-यमुना में वृद्धि से एक बार फिर तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का खतरा सताने लगा है । पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों तक वर्षा के बाद गंगा-यमुना में फिर उफान आने लगा है। बृहस्पतिवार की सुबह आठ बजे यमुना का जलस्तर 78.98 मीटर रिकॉर्ड किया गया। जबकि, शुक्रवार की सुबह इसी समय बढ़कर 79.49 मीटर पर पहुंच गया। इसी तरह छतनाग में गंगा का जलस्तर जहां बृहस्पतिवार की सुबह78.43 मीटर था, वहीं इस दिन इसी समय पर 27 सेंमी वृद्धि के साथ 78.70 मीटर पर पहुंच गया। इसी तरह फाफामऊ में गंगा बृहस्पतिवार की सुबह जहां 81.27 मीटर पर थीं, वहीं 24 घंटे बाद शुक्रवार को 81.23 मीटर पर बहने लगीं।सिंचाई बाढ़ खंड के कंट्रोल रूम की ओर से रात आठ बजे जारी बुलेटिन के मुताबिक गंगा-यमुना एक-एक सेंमी प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रही हैं। इस दिन गंगा में हरिद्वार से 97022 क्यूसेक, नरोरा से 1,15,180 क्यूसेक और कानपुर बैराज से 2,55, 908 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। शनिवार को भी गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ता रहा। गंगा जी श्री बड़े हनुमान मंदिर के पार्क तक पहुंच गई हैं। बजरंग बली को स्नान कराने के बाद गंगा वापस हो गई थीं, लेकिन अब दोबारा गंगाजी श्री बड़े हनुमान मंदिर की तरफ बढ़ रही हैं। माना जा रहा है कि यही रफ्तार रही तो आज शाम या कल सुबह तक गंगा मंदिर में फिर प्रवेश कर सकती हैं।

## ट्रेन के आगे कूदकर जान देने वाले किशोर की हुई पहचान

**फाफामऊ।** सराय गोपाल स्टेशन के पास दो दिन पहले एक अज्ञात किशोर ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी थी। जान देने वाले किशोर की पहचान शनिवार को उसके घर वालों ने कर लिया। मृतक किशोर सोरांव थाना क्षेत्र के राजा पुर मल्हुआ गांव का अमन कुमार 16 वर्ष पुत्र टुन्नू पासी है। घर वालों ने बताया कि अमन कक्षा आठ का छात्र था। वह दो दिन पहले गुरुवार को सुबह दूध देने के लिए गांव के बाहर डेयरी के लिए निकला था रास्ते में किसी का फोन आया और कब वह सराय गोपाल स्टेशन के पास पहुंच गया किसी को कुछ पता नहीं है। शनिवार को परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर कपड़े से अमन के शव का पहचान की।

# ठगी के रुपयों से जालसाजों ने दिल्ली में खोले दो नाइट क्लब, सीज करने की तैयारी




**प्रयागराज।** सेवानिवृत्त इंजीनियर से ठगने वाले जालसाज संदीप कुमार सेन और मोहम्मद साहिल से पूछताछ में कई अहम खुलासे किए हैं। पुलिस जांच में पता चला कि दोनों आरोपी अब तक कई लोगों से लगभग डेढ़ करोड़ ठग चुके हैं। इन्हीं रुपयों से ही दोनों ने दिल्ली स्थित पहाड़गंज में दो नाइट क्लब खोले हैं।डीसीपी दीपक भूकर ने बताया कि ठगी के मास्टरमाइंड संदीप और साहिल की दोस्ती करीब आठ महीने पहले ही हुई थी। इसके बाद दोनों ने दिल्ली नाइट क्वीन बार एंड रेस्टोरेंट और मेट्रो व्यू बार एंड रेस्टोरेंट नामक दो नाइट क्लब खोले। इन दोनों ही बार को लीज पर लिया गया है। इतना ही नहीं, पुलिस को गुमराह करने के लिए इसमें दो बाउंसर भी रखे गए हैं। इनके हर महीने का खर्च लगभग ढाई लाख रुपये हैं। जल्द ही दोनों बार को सीज किया जाएगा।

**एप का खुद करते थे संचालन** : आरोपी लोगों से मिलकर डिजिटल करेंसी में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करते थे। निवेश में कई गुना का लाभ देकर उन्हें ठगी के जंजाल में फंसाते थे। डेफ्टर लेजर अकाउंटिंग नाम से बने एप का संचालन खुद किया करते थे। पुलिस को शक है कि गिरोह में और भी लोग शामिल है। पुलिस अफसरों का कहना है कि जल्द ही मामले में और भी गिरफ्तारियां होंगी।

ट्रू कॉलर पर सीबीआई का नंबर सेव : जालसाज अपने मोबाइल नंबर को ट्रू कॉलर पर सीबीआई नाम से सेव किया था। ऐसे में जब कभी जालसाज किसी को डराने के लिए फोन करते थे तो अगले के मोबाइल पर सीबीआई के नाम से जाता था। लोगों को लगता था कि सीबीआई की तरफ से उनके पास फोन आया है। जिससे डरकर वह इन आरोपियों को पैसे ट्रांसफर कर देते थे। इन लोगों ने किन-किन लोगों से ठगी की है, पुलिस इसकी पड़ताल में जुटी हुई है।

**साइबर पुलिस को 20 हजार का इनाम** : दरियाबाद में रहने वाले संदीप ने अपना आधार दिल्ली, पहाड़गंज रामगली स्वामी राम तीर्थ नगर, हरीराम कन्ना का बनवाया था। उस पर अतरसुइया, शाहगंज और खुल्दाबाद थाने में ठगी के तीन मुकदमे एक लड़ाई-झगड़ा व धमकी का एक मुकदमा खुल्दाबाद थाने में दर्ज है। डीसीपी दीपक भूकर ने बताया कि जालसाजों की गिरफ्तारी पर साइबर थाना पुलिस को 20 हजार रुपये इनाम दिया जाएगा।


# कार्यालय नगर पंचायत कोरांव, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो /नं0प0कोरांव/15अग0/वि0/2024-25 दिनांक 14 अगस्त 2024

**स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं समस्त सभासदों की ओर से समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**

**आम जनता से अपील**

1. ''हर घर तिरंगा'' अभियान के अन्तर्गत अपने आवास/प्रतिष्ठान पर सम्मानपूर्वक तिरंगा अवश्य फहरायें।
2. पॉलीथीन पूर्णतया प्रतिबन्धित है, पॉलीथीन का प्रयोग कदापि न करें।
3. समस्त व्यापारी भाइयों से अपील है कि किसी भी ग्राहक को बिना कपड़े/जूट के थैले के सामान न दें।
4. खुले मे शौंच न जायें, निकाय द्वारा निर्मित सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालय का प्रयोग करें।
5. निकाय निहित भूमि, सड़क, पटरियों एवं नालियों पर अतिक्रमण न करें।
6. सड़क एवं गलियों में साफ-सफाई के पश्चात् कूड़ा सड़क पर न फेंकें।
7. अपने घरों का कचरा निकाय द्वारा संचालित कूड़ा गाड़ी/डोर टू डोर रिक्शा गाड़ी को ही दें।
8. जल ही जीवन है, जल का संचय करें एवं नलों में टोटियों का प्रयोग करें।
9. जलमूल्य एवं गृहकर का भुगतान समय से करें।
10. स्ट्रीट लाइटे एवं सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालय आपके लिए है, कृपया उन्हें नुकसान न पहँचायें।
11. जन्म/मृत्यु का पंजीकरण 21 दिनों के भीतर अवश्य कराये, तथा अनावश्यक दस्तावेज से बचें।

बन्टी कुमारी
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कोरांव
प्रयागराज

ओम प्रकाश केशरी
अध्यक्ष
नगर पंचायत कोरांव
प्रयागराज

## राखी प्रतियोगिता मे रिया पाल ने मारी बाजी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के एसएनपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल अदलाबाद में राखी प्रतियोगिता मे 102 बच्चो ने प्रतिभाग किया जिसमे बच्चो ने तिरंगा राखी, फल्वार राखी, गुडिया राखी, मोती राखी, थरमाकोल राखी बच्चो ने बनाई राखी बनाने के बाद बच्चो ने एक दूसरे के कलाई मे राखी सूत्र बांधा राखी प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान रिया पाल कक्षा 8, द्वितीय स्थान श्रेया पाण्डेय कक्षा 7, तृतीय स्थान अर्पित तिवारी कक्षा 6 ,ने बाजी मारी प्रबंधक रोहित पाण्डेय ने कहा कि प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करने से बच्चो को मानसिक विकास होता है और उनके अंदर छिपी प्रतिभा उभर कर सामने आती है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सीमा पाण्डेय, नेहा साहू, विषा तिवारी नैंसी विश्वकर्मा, रजनी मिश्रा, काजल निवासी, बृषा मिश्रा, धर्मेश पटेल, लाला तिवारी आदि मौजूद रहे।

# बंगाल की घटना के विरोध में महिला-पुरुष अस्पताल में कामकाज ठप, सड़क पर उतरे चिकित्सक

### आईएमए व आईडीए ने घटना के विरोध में भेजा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पश्चिम बंगाल में महिला चिकित्सक से बलात्कार के बाद नृशंस हत्या के विरोध में आज राजकीय मेडिकल कालेज के महिला व पुरुष दोनों अस्पतालों में कामकाज ठप रहा। न तो ओपीडी चली और न ही आपरेशन हुए।

इससे मरीजों को दिक्कत झेलनी पड़ी। इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन एवं डेंटल एसोसिएशन के बैनर तले आज डाक्टरों ने अस्पताल से कचहरी तक का प्रदर्शन किया और घटना के विरोध में अपनी गहरी नाराजगी जताते हुए ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा।




बंगाल की घटना का विरोध जताते चिकित्सकगण।

चिकित्सक के हाथ में बैनर व पोस्टर थे जिसमें वह न्याय की मांग कर रहे थे और रेपिस्ट को कोई रियायत न देने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में आईएमए और आईडीए के पदाधिकारियों के अलावा वरिष्ठ चिकित्सक भी शामिल हुए जिसमें डा0 एके कुलश्रेष्ठ एवं डा0 कपूर भी शामिल थे। आईएमए व भारतीय दंत चिकित्सक संघ के सभी सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से मेडिकल कॉलेज कोलकाता में हुए रेजिडेंट महिला डॉक्टर की बर्बरता के साथ निर्मम हत्या पर विरोध के अपना विरोध जताया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ शम्स ने कहा कि डॉक्टर ईश्वर का दूसरा रूप होता है उसके साथ ऐसी घटना होना निंदनीय है। आईडीए सेक्रेटरी डॉक्टर अजय सिंह ने कहा कि इस घृणित घटना के विरोध में देश के स्वास्थ्य कर्मियों के साथ आइडीए प्रतापगढ़ हमेशा खड़ा रहेगा। डॉ अवंतिका पांडे ने कहा कि हमारे देश का इतिहास नारी सम्मान की गाथाओं से भरा हुआ है जहां नारी सम्मान के लिए महाभारत हो गई वहां आज महिला उत्पीड़न की शिकायत को भी गंभीरता से नहीं लिया जाता है। उक्त अवसर पर डॉक्टर दीपक शुक्ला, डॉक्टर सुधाकर सिंह, डॉक्टर अजय कुमार सिंह, डॉक्टर विवेक पांडे, डॉक्टर इम्तियाज अली, डॉक्टर जयंत शर्मा, डॉक्टर दीपक गुप्ता, डॉक्टर वारिस खान आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बाईक सवार युवक ने मासूम छात्र को रौंदा, मौत

**अखंड भारत संदेश**

### सुबह घर से स्कूल जा रहा था पैदल, मचा कोहराम

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र मे इन दिनों स्पीड से बाईक चलाने वालो की बाढ़ आ गई है फिल्मी स्टाइल मे बाईक चलाना इनकी आदत पड़ गई है बिना हेलमेट व ड्राइविंग लाइसेंस के सड़को पर से गुजरना इनका रोज का काम बन गया है जिसका खामियाजा मासूम छात्र को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के लाला का पुरवा कड़रौ गांव निवासी सोनू सरोज का बेटा श्रेयांश सरोज(8) वर्षीय शनिवार की सुबह घर से स्कूल जुगई का पुरवा प्राथमिक विद्यालय के लिए बस्ता लेकर पैदल निकला उसको क्या पता की हम अब घर वापस नही आयेंगे जैसे ही परियावां लवाना मार्ग के बंधवा मोड़ के पास पहुंचा कि स्पीड से फिल्मी अंदाज मे जा रहे बाईक सवार ने मासूम छात्र श्रेयांश को रौदते हुए फरार हो गये खून से लथ पथ सड़क पर पड़े श्रेयांश की मौके पर मौत हो गई। बाईक सवार युवक ग्रामीणो के मुताबिक थाना क्षेत्र के जनवामऊ के बताये जा रहे है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। इस बावत जानकारी करने पर थाना प्रभारी ने बताया कि दोनो बाईक सवार आरोपी युवक के चोट आने पर सी एच सी कालाक़ांकर ले जाया गया था जो पुलिस हिरासत मे है।

# भयहरण नाथ धाम में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

### मरीजों का किया गया परीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को भयहरणनाथ धाम में विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा गुलाब सिंह के संयोजन में हुए इस शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ए एन प्रसाद द्वारा फीता काट कर किया गया।

सीएमओ ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य आज सभी की आवशयकता है। आज का शिविर लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने हेतु किया गया है। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक राज शेखर ने सभी को जागरूक करते हुए सरकार के चिकित्सा कार्यक्रमो का लाभ लेने का आवहंन किया। विशेषज्ञ डॉ अभिषेक व डॉ ज्ञानेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि नींद ना आना, तनाव, उलझन, घबराहट, मानसिक रोगों के लक्षण हैं मानसिक बीमारी के लक्षण प्रतीत होते ही मनोचिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार मुन्ना यादव ने धाम में आयोजित शिविर की सराहना करते हुए सभी का उत्साह बढ़ाया।



स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक।

साइकेट्रिक सोशल वर्कर मुकेश कुमार द्वारा बताया गया कि किसी प्रकार की मानसिक समस्या होने पर जिला अस्पताल में सम्पर्क करें। इस अवसर पर धाम के महासचिव समाज शेखर, धाम के अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल, कार्यवाहक अध्यक्ष लालजी सिंह, विनोद सिंह, कार्यालय प्रभारी नीरज मिश्र, स्वच्छता नायक राज कुमार सहित आशा बहन एवं समस्त कर्मचारी गण व कार्यकर्ताओ ने सहयोग प्रदान किया।

## शार्ट सर्किट से दर्जन भर घरों के इलेक्ट्रिक उपकरण जले

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ग्यारह हजार एचटी लाइन के तार में शार्ट सर्किट होने से दर्जन भर से अधिक घरों के इलेक्ट्रिक उपकरण जल गए। तहसील क्षेत्र के मजीठी गांव में शनिवार की भोर पांच बजे हाई टेंशन तार आपस में टकरा गए, जिसके चलते जोरदार शार्ट सर्किट होने से गांव के करीब एक दर्जन से अधिक लोगों के घरों के टीवी, फ्रिज, कूलर, पंखा समेत अन्य इलेक्ट्रिक उपकरण जल गए। बता दें गांव के रहने वाले गांव आलोक सरोज, गुंजन, पिंटू, दीपू, शुभम, सचिन, राम आसरे, अर्पित, सुनील, सरोज, धीरज, रेखा देवी समेत एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों के घरेलू विद्युत उपकरण जल गए। ग्रामीणों की सूचना पर आपूर्ति बंद हुई जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# सशक्तीकरण के क्षेत्र में सीएलपी नेता मोना ने किया समूहों से संवाद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने स्वाधीनता दिवस पर नारी सशक्तीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिकाओं के लिए महिलाओं की हौसला आफजाई की। विधायक मोना रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में प्रख्यात चिकित्सा विशेषज्ञ स्व. डॉ. अलका तिवारी की स्मृति में सरयू समाज कल्याण संस्थान द्वारा डॉ. अलका नारी शक्ति केन्द्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भरता के टिप्स दिये। क्षेत्र के नौढ़िया के पूरे रघुवर तथा मोहम्मदपुर खास में संचालित केन्द्रों में विधायक मोना ने सिलाई के जरिये महिलाओं के स्वरोजगार में वृद्धि की प्रगति की समीक्षा की। इन केन्द्रों पर विधायक मोना पहुंची तो समूह की महिलाएं उन्हें अपने बीच पाकर गदगद हो उठी। नारी शक्ति केन्द्रों पर महिलाओं के समूह द्वारा विधायक



शक्ति केन्द्र पर सशक्तीकरण को लेकर हौसला आफजाई करती विधायक मोना।

मोना का माल्यार्पण कर स्वागत भी किया गया। केन्द्र पर मौजूद समूह की आराधना यादव, कृष्णा यादव, चन्द्रवती, सुदामा यादव, निशा मौर्या, फूलमती सरोज आदि का कहना है कि विधायक मोना के द्वारा नारी शक्ति केन्द्र के संचालन कराये जाने से उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र में आत्मसम्मान में बढोत्तरी का अनुभव हो रहा है।

## गुजरात के व्यापारी का शव शहर के एक होटल में मिला, हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के एक होटल में आज 12 अगस्त से कमरा लेकर रह रहे एक 38 वर्षीय गुजरात के व्यापारी का शव मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि व्यापारी के शरीर पर कपड़े नहीं था। वह मृत पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा तथा मृतक के घरवालों को सूचना भेज दी गई। घटना के बारे में बताया जाता है कि गुजरात प्रदेश के गोधरा दोहरा के पार्वती का रहने वाला युवा व्यापारी दीपक कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह 12 अगस्त को व्यापार के सिलसिले में प्रतापगढ़ आया था और शहर के बाबागंज मोहल्ले के एक होटल में रुका था। आज पांचवें दिन उसका शव होटल में मिलने पर हड़कंप मच गया। उसकी मौत कैसे हुई, उसका भी पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही घटना का पूरा विवरण मिल पाएगा। वैसे पुलिस इस मामले में गहन जांच कर रही है।

## विद्युत लाइन की चपेट में आने से दो गौवंश की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के महेशगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हीरागंज के पूरे नान्हा शुक्ल का पुरवा गांव में विद्युत लाइन की चपेट में आने से दो गौवंश की मौत हो गई। बता दें कि नगर पंचायत हीरागंज में आवारा गौवंश टहल रहे हैं और अभी तक आश्रय स्थल नहीं बन सका है। गौवंश की मौत की सूचना मिलने पर ईओ राकेश कुमार ने आवारा गौवंशो को शव को हटवाया।



समाधान दिवस पर समस्या सुनते प्रभारी डीएम।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस लालगंज में प्रभारी डीएम सुनी शिकायतें

### ग्यारह मामलों का मौके पर किया निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रभारी जिलाधिकारी नवनीत सेहारा की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। लालगंज तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 175 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 11 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 175 शिकायतों में से 90 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 22, विकास विभाग से 19, बेसिक शिक्षा से 01, विद्युत विभाग से 08, पूर्ति विभाग से 05, समाज कल्याण से 04 एवं 26 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई।

प्रभारी जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये। प्रभारी जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों, लेखपालों एवं कानून-गो को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शासन की मंशा अनुरूप शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये जमीनी विवादों के शिकायतों को राजस्व और पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये। उन्होने सभी लेखपालों को कड़े निर्देश दिये कि सरकारी जमीनों पर जो भी अवैध कब्जे किये गये है उसे खाली कराया जाये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी लालगंज शैलेन्द्र कुमार वर्मा, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रमोद तिवारी ने कांग्रेस नेता के घर पहुंचकर जताई संवेदना, दी गई श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी नगर आगमन के दौरान अचलपुर निवासी कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दानिश माबूद के छोटे भाई स्व.आसिफ माबूद व विवेकनगर निवासी कांग्रेस नेता स्व.कपिल द्विवेदी के पिता स्व.शंभूनाथ दिवेदी के आवास पर पहुंचकर असामयिक आकस्मिक निधन पर चित्र पर पुष्प अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किए।

इस दौरान प्रमोद तिवारी ने कहा कि स्व.शंभू नाथ द्विवेदी व स्व. आसिफ माबूद मेरे परिवार के सदस्य थे और खाटी कांग्रेसी थे,उनका इतनी जल्दी हम सबको छोड़कर जाना प्रतापगढ़ कांग्रेस परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना किया कि स्व. शंभूनाथ द्विवेदी व स्व. आसिफ माबूद को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और उनके परिजनों को इस भारी दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उसके उपरान्त प्रमोद तिवारी ने स्थानीय शैल श्याम पैलेस में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किए। इस अवसर पर पंडित श्याम किशोर शुक्ला, जिलाध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष इरफान अली, पूर्व जिलाध्यक्ष डा.लालजी त्रिपाठी, भगौती प्रसाद तिवारी, पी सी सी सदस्य डॉ प्रशांत देव शुक्ला, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, सुभाष तिवारी, राधेश्याम दूबे, राम रतन तिवारी, अभय किशोर तिवारी, नागेंद्र पांडेय, साहिल, जितेन्द्र कुमार, फतेह बहादुर सिंह, सुरेश मिश्रा, इंद्रानंद तिवारी, विश्वास सिंह, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, भोला यादव, संजय इस्तियाक, सुरेश दूबे, बेलाल अहमद, जावेद अहमद, सलमान खान, देवमणि पांडेय, राजमणि वर्मा आदि उपस्थित रहे।



कांग्रेस नेता के घर पर शोक जताते प्रमोद तिवारी।

## मजदूरी का पैसा मांगने पर दबंग ने पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मजदूर को मजदूरी का पैसा मांगना महंगा पड़ गया। दबंग ने लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। कोतवाली क्षेत्र के रामकोला गांव के रहने वाले संतलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता है। आरोप है कि वह गांव के प्राथमिक विद्यालय के समीप एक मकान पर मजदूरी करने गया था, जहां काम पूरा हो जाने के बाद जब वह मजदूरी का बकाया तीन हजार रुपए मांगने गया तो उसके साथ मारपीट व गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण

### अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एसपी डॉ0 अनिल कुमार द्वारा उ0प्र0 में आरक्षी नागरिक पुलिस के सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। बता दें कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उ0प्र0 में आरक्षी नागरिक पुलिस के सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा को प्रस्तावित तिथियों में शुचितापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुरूप शनिवार को पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत परीक्षा केन्द्रों में जाकर भौतिक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान एसपी ने लोकमान्य तिलक इण्टर कॉलेज, अबूल कलाम आजाद इण्टर कॉलेज, एम0डी0पी0जी0 कॉलेज, जी0आई0सी0 इंटर कॉलेज व के0पी0 कॉलेज पर जाकर संबंधित प्रधानाध्यापकों/निर्देशकों व परीक्षा केन्द्र के संचालकों के साथ वार्ता कर आरक्षी नागरिक पुलिस के सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा को शुचितापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराये जाने के लिए निर्धारिक मानकों के अनूरूप कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने एवं समुचित तैयारियों के संबंध में निरीक्षण किया गया।



परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते एसपी डा0 अनिल कुमार।

एसपी डॉ0 अनिल कुमार द्वारा परीक्षा केन्द्रों के भौतिक निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर प्रत्येक संसाधनों का विधिवत जांच किया गया, वहां के सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग आदि का गहनता से निरीक्षण किया गया एवं परीक्षा को त्रुटिपूर्ण व पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराये जाने के क्रम में शासन द्वारा दिये गये निर्देश के अनुसार प्रत्येक पहलूओं की जांच कर संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## ग्रामीणांचल क्षेत्र मे धूमधाम के साथ मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** आजादी अमृत महोत्सव के 78वें स्वतंत्रता दिवस पर ग्रामीणाँचल क्षेत्र मे चारो तरफ देशभक्ति की गीत से गुंजयमान दिखाई दिया। सरकारी व गैर सरकारी प्रतिष्ठानो मे तिरंगा झंडा लगाकर आजादी अमृत महोत्सव मनाया गया।प्राइमरी स्कूलों व सरकारी संस्थाओ मे भारतीय समयानुसार ध्वजारोहण किया गया और स्कूल के बच्चो के साथ शिक्षकों ने प्रभात फेरी निकाली। बच्चो ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमे देश भक्ति की पुरानी यादो को लोगो के दिलो पर ताजा कर दिया। ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर मे खंड विकास अधिकारी प्रवीन कुमार श्रीवास्तव व सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुशील कुमार जायसवाल व ब्लाक प्रमुख कालाकांकर रमेश सरोज ने अपने समस्त स्टॉफ के साथ ध्वजारोहण किया।जे आई सी आलापुर मे रामलखन शुक्ल व प्रदीप कुमार शुक्ल ने स्टॉफ के साथ संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। कोतवाली नवाबगंज मे थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर, प्राथमिक विद्यालय परियावां द्वितीय प्रधानाध्यापक अखिलेश्वर कुमार, मॉडल पब्लिक स्कूल मुरस्सापुर मे प्रधानाध्यापक वकील अहमद ग्रामप्रधान सुरेश कुमार यादव ,बी आर सी रामनगर मे सुशील कुमार त्रिपाठी (प्रा0शि0सं0अ0 कालाकांकर), पंचायत भवन परियावां मे ग्राम प्रधान अनिल कुमार मौर्या ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया और तिरंगा झंडा के साथ रैली निकाली जो परियावां बाजार होते हुए वापस पंचायत भवन पहुंची जंहा जलपान की ब्यवस्था की गई। डिग्री कालेज कालाकांकर मे प्राचार्य शिवम श्रीवास्तव ने अपने स्टॉफ के साथ ध्वजा रोहंण किया। सी एच सी कालाकांकर मे चिकित्साधीक्षक मनोज कुमार वर्मा ने स्टॉफ के साथ ध्वजारोहंण किया। जेएमजी कालाक़ांकर मे चेयरमैन वी एन शुक्ला व प्रिंसपल मुनीश शर्मा ने स्टॉफ के साथ ध्वजारोहण किया। शत्रुघ्न प्रसाद मौर्य स्मारक जूनियर हाई स्कूल पूरे धनऊ परियावा मे प्रबंधक कुंवर बहादुर मौर्य व प्रधानाध्यापक सुखई राम पटेल ने ध्वजा रोहंण किया।

## पड़ोसियों ने रंजिशन मां-बेटी समेत तीन को पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रंजिशन पड़ोसियों ने मां-बेटी समेत तीन को लाठी-डंडे से पीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के परदहां वासदेव गांव की रहने वाली गीता देवी पत्नी स्वामीनाथन शर्मा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह शुक्रवार की शाम पांच बजे पशुशाला से गाय का दूध निकालकर वापस घर लौट रही थी। इसी दौरान पड़ोसियों ने रंजिशन उसके ऊपर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। शोर सुनकर उसकी बेटी काजल व सुरभी बीच बचाव करने पहुंची तो उन्हें भी लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। घायल मां-बेटी मामले की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची और पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेज मामले की जांच कर रही है।

# तहसील चायल में डीएम एसपी ने जनशिकायतों को सुना

**● सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के दिए निर्देश**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी** जनपद कौशाम्बी के सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील चायल में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्ता पूर्ण/समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 54 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता विकास कुमार निवासी ग्राम-पूरे अयोध्या चरवा ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि मुख्य चकमार्ग में दबंग व्यक्तियों द्वारा कब्जा किया गया है, जिससे काश्तकारों के मध्य विवाद की स्थिति बनी रहती है और कृषि कार्य करने में कठिनाइयां का सामना करना पड़ता है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को संयुक्त टीम द्वारा जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता रामजी द्विवेदी निवासी ग्राम-दुगार्पुर ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि दबंग व्यक्तियों द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को संयुक्त टीम द्वारा जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। शिकायतकर्ता सुशीला वर्मा निवासिनी ग्राम रसूलाबाद उर्फ कोइलहा ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि राशन कार्ड बना हुआ था, राशन भी मिल रहा था, जिसे बिना किसी कारण बताये निरस्त कर दिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

### सिराथू मंझनपुर में 7 शिकायतें हुई निस्तारित

**कौशाम्बी।** तहसील समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में तहसील मंझनपुर में कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील सिराथू में कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार एवं उप जिलाधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## स्वतंत्रता दिवस पर एडीजी द्वारा सम्मानित किए गए आरक्षी चालक अवधेश कुमार

**कौशांबी।** 78 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर आरक्षी चालक पद पर तैनात अवधेश कुमार यादव को एडीजी जोन प्रयागराज भानु भास्कर द्वारा सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित व उत्साहवर्धन किया गया। प्रशस्ति पत्र व सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह उत्तर प्रदेश पुलिस के मुखिया प्रशांत कुमार ने आरक्षी चालक अवधेश कुमार यादव के कार्यों से खुश होकर उनके नाम से जारी किए हैं, जिसको एडीजी जोन प्रयागराज द्वारा अवधेश कुमार यादव को दिया गया। 15 अगस्त को उत्तर प्रदेश पुलिस के मुखिया प्रशांत कुमार अवधेश कुमार यादव के सराहनीय सेवा को मान्यता देते हुए सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान किया गया। अवधेश कुमार यादव कौशांबी जनपद के कई थानों में अपनी सेवा दे चुके हैं और इस समय एडीजी कार्यालय से अटैच हैं। अवधेश कुमार यादव साफ - सुथरी छवि के लिए जाने जाते हैं जिसका इनाम उन्हें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर एडीजी द्वारा मिला।

## न्यूज झरोखा

### गांव की समस्या गांव में समाधान दिवस आयोजित



**कड़ा कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के गनपा गांव में शुक्रवार को गांव की समस्या गांव में ग्राम चौपाल समाधान दिवस आयोजित किया गया कार्यक्रम में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी सुखराज बंधु ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गांव की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों के अनुरोध पर मुख्य विकास अधिकारी ने गांव का भ्रमण किया और समस्या देखने के बाद उसके निस्तारण का निर्देश अधीनस्थों को दिया है स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से वार्ता का उन्हें समूह को और आगे बढ़ाने के लिए जागरूक किया इस दौरान आंगनबाड़ी की महिलाओं ने गोद भराई की रस्म अदा की ग्राम चौपाल के आयोजन के अवसर पर खंड विकास अधिकारी दिनेश चंद्र सहित स्वास्थ्य विभाग कृषि विभाग वा विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### विजिया चौराहा से अशोक स्तंभ तक तिरंगा यात्रा का आयोजन



**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी** सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के तत्वाधान में सरस्वती ज्ञान मंदिर शिक्षण संस्थान विजिया चौराहा से ऐतिहासिक स्थल अशोक स्तंभ तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई यात्रा विजिया चौराहा होते हुए आमाकुआं में बच्चो द्वारा सलामी परेड व बैंड धुन से आए अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया साथ ही साथ रानी लक्ष्मी बाई ,महत्मा गांधी चंद्रशेखर आजाद की मनमोहक झांकी कौतूहल का विषय बना रहा अशोक स्तंभ तक यात्रा पहुंची यात्रा के समापन में अशोक स्तंभ में मुख्य अतिथि योगेश कुमार मौर्य ने ध्वजा रोहण किया कार्यक्रम के आयोजक रोहित मिश्र ने आए अतिथियों का अभिवादन किया कार्यक्रम को संबोधन करते हुए मुख्य अतिथि योगेश कुमार मौर्य ने कहा कि भारतीय पुरातत्व विभाग से अनुमति ले कर हेलीपैड और अशोक स्तंभ में सोलर लाइट लगवाया जाएगा उन्होंने कहा कि यह ऐसा स्थल है जो विदेश तक इस बुद्ध की नगरी का नाम फैला है इसे विकसित करना हमारा लक्ष्य है कृष्ण कुमार उर्फ राजू केशरवानी ने सभी आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर पूर्व विधायक लाल बहादुर रिंकू मौर्य प्रबंधक राजेश कुमार सिंह, रोहित मिश्र कौशिक अग्रहरि कलीम हसन योगेंद्र त्रिपाठी नीतीश मिश्र, एडोकेट अवधेश नारायण शुक्ल थाना प्रभारी उर्मिला सिंह सुनील कुमार मिश्र,संजय शुक्ला विकास अग्रहरि भान सिंह,प्रेम मिलन सरोज अजय अग्रहरि अवधेश सरोज विनय पाल मोहित यादव,कोमल यादव मोहम्मद सुभान शिव पूजन यादव थाना पुलिस पत्रकार बंधुओं सहित भारी संख्या में देश भक्त मौजूद रहे।

# नगर पालिका की तिरंगा यात्रा में नहीं दिखे संभ्रांत सम्मानित व्यक्ति

**पूर्व चेयरमैन के कार्यकाल में मुख्य पर्व में सम्मानित सभासद संभ्रांत व्यक्तियो को निमंत्रण भेजकर बुलाए जाने की प्रथा अब हुई बन्द**

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में पंद्रह अगस्त के पर्व पर ध्वजारोहण के बाद समूचे नगर पालिका भरवारी में बाबा टीवीएस के सहयोग से तिरंगा यात्रा निकाली गई जो भरवारी कस्बा से होते हुए मूरतगंज में समाप्त हुई तिरंगा यात्रा की सबसे बडी बात यह रही कि यात्रा बहुत ही अच्छी निकाली गई परंतु इस तिरंगा यात्रा में भरवारी के सम्भ्रांत नागरिक और पूर्व सभासद मौजूद नही थे जबकि प्रत्येक महत्व पूर्ण पर्व में पूर्व चेयरमैन के कार्यकाल में सभी सम्भ्रांत नागरिकों एवम सम्मानित सभासदों सहित गणमान्य लोगों को आमंत्रित कर बुलाया जाता था जो इस बार की तिरंगा यात्रा में देखने को नहीं मिला है बुलावे की प्रथा नगर पालिका ने बंद कर दी है इससे पहले पूर्व विधायक संजय गुप्ता भी चैयरमैन हुए थे उनके कार्यकाल की याद दिलाया जाए तो वह किसी से छुपा नहीं है इसी तरह पूर्व चेयरमैन गंगा प्रसाद ऊर्फ काले भाई का भी कार्यकाल किसी से छिपा नहीं है यह किसी से छिपा भी नही है लेकिन पूर्व चेयरमैन के कार्यकाल में बुलावे की प्रथा को वर्तमान चेयरमैन ने बंद कर दिया है जिससे लोगों को मलाल है इतना ही नहीं तिरंगा यात्रा में सबके दिल को जीत लेने वाली बात तो यह है की तिरंगा यात्रा में बाबा टी वी एस के मालिक अमित कुमार कपिल कुमार ने अपने शो रूम से सैकड़ो न्यू बाइक भेज कर तिरंगा यात्रा में शामिल कर धमाल मचा दिया यह भी किसी से छिपा नहीं है सब मिलाकर नगर पालिका प्रशासन को चाहिए कि सौहार्द पूर्ण वातावरण को ध्यान में रखकर किसी भी पर्व को मनाया जाए।

# कौशाम्बी में डॉक्टरों ने किया प्रदर्शन






अखंड भारत संदेश

**हाथ में बैनर लेकर बोले- नो-सेफ़्टी नो-ड्यूटी,कोलकाता की महिला डॉक्टर के लिए की न्याय की मांग**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर जिला अस्पताल के डॉक्टरों सहित विभिन्न निजी नर्सिंग होम के डॉक्टरों ने शनिवार को हाथ में स्लोगन लिखी तख्ती लेकर नारेबाजी करते हुए जोरदार तरीके से प्रदर्शन किया। कोलकाता महिला डॉक्टर रेप मर्डर मामले में डॉक्टर पीड़िता को जल्द इंसाफ दिए जाने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा प्रदर्शनकारी डाक्टरों ने पोस्टर-बैनर लेकर अस्पताल परिसर से पैदल मार्च निकाल कर सुरक्षा की मांग उठाई।नर्सिंग होम और अस्पताल संचालक डॉक्टरो ने भी मंझनपुर चौराहे पर शनिवार की शाम नारेबाजी कर प्रदर्शन किया है। कोलकाता डॉक्टर रेप मर्डर मामले मे इंसाफ की मांग कौशाम्बी के डॉक्टरों ने भी उठाई है। जिला अस्पताल के रेजिडेंट डाक्टरों ने अस्पताल में प्रदर्शन कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए जाने की मांग उठाई। अस्पताल परिसर मे डॉक्टरों ने नो सेफ्टी नो ड्यूटी व दोषियों को फांसी दो के जमकर नारे लगे इसके साथ ही हाथ में बैनर पोस्टर लेकर प्रदर्शन करते हुए 1 नंबर गेट से दूसरे नंबर गेट तक प्रदर्शन कर जुलूस निकाला गया। इस दौरान महिला डॉक्टर एवं पैरामेडिकल कर्मियों ने स्थानीय प्रशासन से सुरक्षा की मांग उठाई है। डॉक्टरों ने बताया कि कोलकाता मे जो कुछ महिला डॉक्टर के साथ हुआ। वह झकझोर देने वाला है। इस पर सरकार को कड़े कदम उठाते हुए तेज गति से कार्रवाई करनी चाहिए। इसके साथ ही डाक्टर की सुरक्षा को लेकर कड़े कदम सरकार जल्द से जल्द उठाए। क्योंकि पैरामेडिकल स्टाफ डॉक्टर कई बार ऐसे जगहों पर रहते है। जहां सुरक्षा के नाम पर कुछ नहीं होता। ऐसे स्थान पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जाने चाहिए।

# कोटेदार के बजाय दूसरा करता है राशन की दुकान का संचालन

**भरवारी कौशांबी** नगर पालिका परिषद भरवारी के सईगंज में सरकारी खाद्यान्न के वितरण करने के लिए राशन की दुकान रेखा देवी के नाम आवंटित की गई है लेकिन रेखा देवी दुकान का संचालन नहीं करती हैं राशन वितरण के समय वह दुकान पर मौजूद नहीं रहती है दुकान के संचालन की जिम्मेदारी सूरजपाल को दिया गया है जो कार्डधारकों के साथ घटतौली के लिए बदनाम हो चुका है राशन के बितरण के समय सामग्री को कम करके देने से कार्ड धारकों में आक्रोश व्याप्त है कई बार मामले की लोगों ने शिकायत भी किया लेकिन सूरजपाल की घटतौली में सुधार नहीं हो सका है लोगों ने अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए सरकार के नियम के अनुसार राशन की दुकान संचालित किए जाने की मांग की है

# धर्मा देवी के नन्हें मुन्हे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से सबका मोह लिया मन





**विद्यालय प्रबन्ध तंत्र द्वारा 106 छात्र छात्राओं को 2 लाख 83 हजार रुपये की नकद धनराशि से किया गया सम्मानित**

**कौशाम्बी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार में स्वतन्त्रता दिवस मनाया गया सर्वप्रथम चौकी इंचार्ज अझुवा के कर कमलों से माँ शारदे एवं महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरूवात की गयीं। ततपश्चात नन्हें मुन्हे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सबका मन मोह लिया। इसी क्रम में मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी सिराथू महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा के कर कमलों से हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2024 में प्रदेश एवं जनपद की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त करने वाले एवं 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले उदीयमान छात्र/छात्राओं को 10 हजार रुपए 5 हजार रुपए 3 हजार रुपए की धनराशि,शील्ड एवं प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इसी क्रम में इण्टरमीडिएट में प्रदेश एवं जनपद की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त करने वाले एवं 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 50 छात्र/छात्राओं को 10 हजार रुपए 5 हजार रुपए एवं 3 हजार रुपए की धनराशि,शील्ड एवं प्रसस्ति पत्र से जिला विद्यालय निरीक्षक कौशाम्बी डॉ. सच्चिदानन्द यादव के कर कमलों से सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबन्ध तंत्र द्वारा कुल 106 उदीयमान छात्र/छात्राओं को 2 लाख 83 हजार रुपए की नकद धनराशि से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर बालेन्द्र धर द्विवेदी बसन्त सिंह गुलाब सिंह अम्बर भाई, गया प्रसाद मिश्र शिवप्रकाश राजपूत आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

## डीएम के निर्देश के बाद भी घर बैठकर 363 नलकूप का निरीक्षण कर गए नलकूप अधिशासी अभियंता

**कौशाम्बी।** नलकूप की दुर्दशा की शिकायत मिलने के बाद जिला अधिकारी ने संपूर्ण नलकूप के निरीक्षण कर व्यवस्था सुधारने जाने का निर्देश नलकूप के अधिशासी अभियंता को दिया था लेकिन जिला अधिकारी के निर्देश के बाद भी नलकूप विभाग के अधिशासी अभियंता अपने कार्यों में सुधार नहीं कर सके घर बैठे रिपोर्ट बना करके जिला अधिकारी को सूचित कर दिया कि नलकूप का निरीक्षण कर लिया सभी नलकूप सही पाए गए हैं जो कमी थी उसे सुधार का निर्देश दिया है जबकि हकीकत यह है कि 80 प्रतिशत से अधिक नलकूप के ऑपरेटर महीना बीत जाने के बाद नलकूप तक नहीं पहुंचते हैं गांव के खास लोगों को नलकूप चलाने की जिम्मेदारी दे दी गई है नलकूप के कमरे की चाबी गांव के एक विशेष किसान के हाथ में देकर नलकूप के ऑपरेटर आराम फरमाते हैं जिसे चाबी दी जाती है वह किसानों से सिंचाई का शुल्क वसूली करता है इस बात की जानकारी अधिशासी अभियंता नलकूप को बखूबी है नलकूप ऑपरेटर के घर में आराम करने के पीछे अधिषासी अभियंता का क्या निजी स्वार्थ छिपा है यह तो जांच का विषय है लेकिन हकीकत यही है कि 80 प्रतिशत नलकूप में ऑपरेटर मौजूद नहीं रहते जिसे जिम्मेदारी दी जाती है वह गांव में अपने व्यक्तिगत राजनीतिक मुद्दे को देखकर किसानों के खेतों को पानी देता है जिसके चलते तमाम किसानों की फसल तक पानी नहीं पहुंच पाता और किसानों की फसल सूख जाती है हकीकत देखकर नलकूप ऑपरेटर पर कार्यवाही कर जिला अधिकारी को सच्चाई से अवगत कराने के बजाय एक बार फिर अधिषासी अभियंता नलकूप ने झूठी सूचना के आधार पर जिला अधिकारी को गुमराह करने का प्रयास किया है अधिशासी अभियंता के इस कारनामा पर सवाल खड़े हो गए हैं यदि नलकूप की हकीकत के बारे में गांव के किसानों से जांच कर उनके बयान दर्ज कराए जाए तो नलकूप के अधिशासी अभियंता के कारनामों का खुलासा होगा और उन पर कार्यवाही होना तय है।

## बाला प्रसाद दुबे पब्लिक स्कूल में भव्य रूप से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**कौशाम्बी** बिकास खंड सरसंवा के चम्पहा बाजार स्थित बाला प्रसाद दुबे पब्लिक स्कूल मे हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समारोह भव्य रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार दुबे (गुड्डू महराज) ने झण्डा रोहण करके माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा विद्यालय के संरक्षक विश्वनाथ प्रजापति ने माँ सरस्वती की प्रतिमा मे माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत किया विश्वनाथ प्रजापति ने स्वतंत्रता संग्राम को आजादी दिलाने वाले सेनानियों और उनके योगदानकर्ता की याद दिलाई। विद्यालय के प्रबंधक ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपना विचार प्रस्तुत किया साथ ही साथ सभी को सवतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण मे अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गीत प्रस्तुत किये गये। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चों को स्वतंत्रता के बारे मे बताया सभी देश के प्रति कुबार्न हुए महान नेताओं को याद दिलाया कार्यक्रम का संचालन कर रहे विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक बलराम सिंह सूर्यनारायण पाण्डेय,शुभम दुबे, राजेश कुमार, अनुज दुबे, प्रिया द्विवेदी, प्रिया मैम,वैष्णवी सिंह, आदर्श केशरवानी आदि शिक्षक तथा अभिभावक गण मौजूद रहे

### आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि अब 19 अगस्त

**कौशाम्बी** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में प्रवेश लेने के लिए अगस्त 2024 से शुरू होने वाले प्रशिक्षण सत्र के पहले चरण के चयन परिणामों के आधार पर प्रवेश की अंतिम तिथि 16 अगस्त 2024 थी, जिसे अब बढ़ाकर दिनांक 19 अगस्त 2024 कर दिया गया हैं। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिराथू ने देते हुए बताया कि प्रथम चरण में चयनित ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रवेश नहीं लिया गया है, वे अभ्यर्थी अब दिनांक 19 अगस्त 2024 की रात्रि 12:00 बजे तक अपने समस्त मूल प्रमाण सहित आंवटित संस्थान में प्रवेश के लिए सम्पर्क कर सकतें है।

### एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 22 अगस्त को

**कौशाम्बी** जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 22 अगस्त 2024 को महामाया राजकीय महाविद्यालय, करारी रोड, ओसा चौराहा के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा, जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां के माध्यम से आई0टी0आई0/नॉनआई0टी0आई0 एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण (न्यूनतम इण्टरमीडिएट) सभी प्रकार के अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायंगी। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी गौतम घोष ने देते हुए बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट पर अपना पंजीयन करते हुए अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति/रिज्यूम के साथ प्रातः 10.30 बजे प्रतिभाग कर सकतें हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 सितम्बर को

**कौशाम्बी** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय, कौशाम्बी में दिनांक 14 सितम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा याचिकाओं, पारिवारिक वाद, बैंक वसूली, एन0आई0 एक्ट, विद्युत के मामले, श्रम सम्बन्धी, लेबर सम्बन्धी, जमीन सम्बन्धी, चालानी व अन्य प्रकार से सम्बन्धित शमनीय वादों का निस्तारण किया जायेंगा।

# जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय म्योहर का किया आकस्मिक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**कार्यों में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश**

**वार्डेन द्वारा कार्यों में लापरवाही बरतने पर संविदा समाप्ति, फुल टाइम एवं अंशकालिक टीचर को कारण बताओ नोटिस तथा सम्बद्ध टीचरों की अस्थाई वेतन वृद्धि बाधित करने के निर्देश**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, म्योहर का आकस्मिक किया। निरीक्षण के समय वार्डेन श्रीमती दीपिका चंदेल, फुल टाइम अध्यापिका श्रीमती सुमन, अंशकालिक अध्यापिका श्रीमती कंचन चौधरी, मुख्य रसोइया श्रीमती मीरा देवी, चौकीदार श्री चन्द्रमौलि एवं पी0आर0डी0 जवान शिवलाल उपस्थित पाये गये, जबकि चपरासी रघुराज दिनांक 15 अगस्त 2024 से बिना किसी सूचना विद्यालय में अनुपस्थित पाये गये सहायक रसोइया श्रीमती ममता वर्मा का 17.08.2024 का हस्ताक्षर उपस्थिति रजिस्टर पर नहीं थे, निरीक्षण के समय ही हस्ताक्षर बनाये गये। पी0आर0डी0 जवान एवं चौकीदार द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक नहीं किया जा रहा था, जिन्हें पूरी निष्ठा एवं ईमानदारीपूर्वक कार्यों का निर्वहन करने के दिए गये। कम्पोजिट विद्यालय इच्छू का पूरा से वर्षा सिंह, अर्चना एवं कमलेश को शिक्षण कार्य के लिए सम्बद्ध किया गया था निरीक्षण के समय सभी उपस्थित थे, जबकि सम्बद्ध अध्यापिकाओं की उपस्थिति पंजिका उपलब्ध नहीं थी। विद्यालय में नामांकित 100 बालिकाओं के सापेक्ष मात्र 32 बालिकायें ही उपस्थित पायी गयीं।जिलाधिकारी के समक्ष वार्डेन एवं अध्यापिकाओं द्वारा बालिकाओं को डराया व धमकाया जा रहा था। विद्यालय में बालिकाओं को मेन्यू के अनुसार भोजन, नाश्ता एवं फल आदि का वितरण नहीं किया जा रहा है। विद्यालय में वार्डेन एवं शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षण कार्य में रूचि नहीं ली जा रही, जिससे बालिकाओं का अधिगम स्तर न्यून पाया गया। जिलाधिकरी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विद्यालय की वार्डेन दीपिका चन्देल द्वारा अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही करते हुए पाये जाने पर जिलाधिकारी ने वार्डेन की संविदा समाप्ति की कार्यवाही करने, फुल टाइम टीचर सुमन, अंशकालिक टीचर कंचन को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं सम्बद्ध टीचरों की अस्थाई वेतन वृद्धि बाधित करने की कार्यवाही करने के निर्देश दियें।इसी प्रकार पीआरडी जवान को हटाने एवं चौकीदार व रसोइयों को अन्य केजीबीवी में स्थानान्तरण तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी कौशाम्बी एवं जिला समन्वयक बालिका शिक्षा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में आज जनपदीय अधिकारियों द्वारा सहकारी समितियों, उर्वरक बिक्री केन्द्रों, ऑगनबाड़ी केन्द्रों एवं आश्रम पद्यति विद्यालयां सहित अन्य स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ऑगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति कम पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार उर्वरक केन्द्रों में कई जगह कमिया पायी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को निर्देशित करते हुए कहा कि पायी गई कमियों को जल्द से जल्द दूर अवगत करायें।

## सम्पादकीय

### कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई

**भारत** में रक्षाबंधन के पवित्र पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इसे रिश्तों में मिठास, विश्वास और प्रेम बढ़ाने वाला पर्व माना गया है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं, और उसकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस दौरान भाई भी अपनी बहन को रक्षा का वचन देता है, और क्षमता के अनुसार उसे उपहार देता है। रक्षाबन्धन का पर्व भाई-बहिन के स्नेह का प्रतीक देश का एक प्रमुख त्यौहार है। रक्षाबन्धन पर्व में रक्षासूत्र यानि राखी का सबसे अधिक महत्व है। इस पर्व के दिन बहनें अपने भाई को राखी बांधती हैं। श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी पर्व भी कहते हैं। इस दिन ब्राह्मण, गुरु द्वारा भी राखी बांधी जाती है।

हिन्दू धर्म के सभी धार्मिक अनुष्ठानों में रक्षासूत्र बांधते समय पण्डित संस्कृत में एक श्लोक का उच्चारण करते हैं। जिसमें रक्षाबन्धन का सम्बन्ध राजा बलि से स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है। यह श्लोक रक्षाबन्धन का अभीष्ट मन्त्र है।

येन बद्धो बलि राजा दानवेन्द्रो महाबलः
तेन त्वाम प्रतिबद्धनामी रक्षे माचल माचलः

इस श्लोक का अर्थ है जिस रक्षासूत्र से महान शक्तिशाली दानवेन्द्र राजा बलि को बांधा गया था, उसी सूत्र से मैं तुझे बांधता हूं। तुम अपने संकल्प से कभी भी विचलित मत होना।

रक्षाबंधन का त्योहार कब शुरू हुआ यह कोई नहीं जानता। लेकिन भविष्य पुराण में इस पर्व का वर्णन मिलता है। जब देवताओं और दानवों में युद्ध शुरू हुआ। तब देवताओं पर दानव हावी होने लगे। देवराज इन्द्र ने घबरा कर देवताओं के गुरू बृहस्पति से मदद की गुहार की। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इन्द्राणी सब सुन रही थी। उन्होंने रेशम का धागा मन्त्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के हाथ पर बांध दिया। संयोग से वह श्रावण पूर्णिमा का दिन था। लोगों का विश्वास है कि इन्द्र इस लड़ाई में इसी धागे की मन्त्र शक्ति से ही विजयी हुए थे। उसी दिन से श्रावण पूर्णिमा के दिन यह धागा बांधने की प्रथा चली आ रही है। यह धागा धन, शक्ति, हर्ष और विजय देने में पूरी तरह समर्थ माना जाता है।

विष्णु पुराण के एक प्रसंग में कहा गया है कि श्रावण की पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु ने हयग्रीव के रूप में अवतार लेकर वेदों को ब्रह्मा के लिये फिर से प्राप्त किया था। हयग्रीव को विद्या और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है। महाभारत में ही रक्षाबन्धन से सम्बन्धित कृष्ण और द्रौपदी का एक और वृत्तान्त भी मिलता है। जब कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई। द्रौपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाडकर उनकी उंगली पर पट्टी बांध दी। यह श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। कृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय उनकी साड़ी को बढ़ाकर चुकाया। कहते हैं परस्पर एक दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई। महाभारत में भी इस बात का उल्लेख है कि जब युधिष्ठिर ने भगवान कृष्ण से पूछा कि मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूं।

# भारत-बांग्लादेश संबंधों में चुनौतियों के एक नए सेट के बीच है

**- जगदीश रत्तनानी**

**इसमें कोई संदेह** नहीं है कि यूनुस धर्मनिरपेक्ष साख के साथ खड़े हैं और ये पिछले 10 दिनों से अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को शांत करने और उन्हें आश्वस्त करने का काम करेंगे। वास्तव में भारत में कुछ राजनीतिक रूप से प्रेरित तथा दक्षिणपंथी झुकाव वाले सोशल मीडिया कंटेंट पर अंकुश लगाने की तत्काल आवश्यकता है जो बांग्लादेश में शुरूआती हिंसा को बढ़ते या बिगड़ते हिंदू-मुस्लिम विभाजन के रूप में चित्रित करते हैं।

भारत ने कई अन्य वैश्विक शक्तियों की तरह बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में 80 वर्षीय प्रो. मोहम्मद यूनुस को अपनी शुभकामनाएं भेजी हैं, जो 'निर्वाचित' प्रधानमंत्री शेख हसीना के 15 साल के शासन के अंत को चिह्नित करने वाली अशांति के बाद बनी है। भारतीय बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सोशल प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक संदेश है जो संक्षिप्त और औपचारिक है। फिर भी महत्वपूर्ण है।

यह एक नए शासन के साथ संबंध बनाने की प्रक्रिया की शुरूआत मात्र है जो एक आवेशित राजनीतिक परिदृश्य और भारत-बांग्लादेश संबंधों में चुनौतियों के एक नए सेट के बीच है। एक बात यह है कि हसीना भारत में शरण लिए हुए हैं, जहां उन्हें सरकार से उच्चतम स्तर का समर्थन और संरक्षण प्राप्त है। फिर भी बांग्लादेश में उनसे स्पष्ट रूप से नफरत की जाती है जो उनसे जवाबदेही चाहता है, जबकि भारत सरकार को भारत के दीर्घकालिक मित्र के रूप में उनका बचाव करना जारी रखना चाहिए।

इसलिए बांग्लादेश में नई सरकार के साथ रिश्ते विवाद की जड़ से शुरू होते हैं। प्रो. यूनुस के शुरूआती बयान से यह और भी मुश्किल हो जाता है कि उन्हें इस बात से दुख हुआ कि भारत हसीना के खिलाफ छात्रों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन नहीं कर रहा है और इसे बांग्लादेश का आंतरिक मामला बता रहा है। प्रो. यूनुस ने आगे कहा- 'अगर भाई के घर में आग लगी है तो मैं कैसे कह सकता हूं कि यह आंतरिक मामला है...'

यह संभवतः एक स्पष्ट और गैर-राजनीतिक आक्रोश था, जो कूटनीतिक सीमाओं से परे था और अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में उनके कार्यभार संभालने से पहले आया था। अब जब वे सत्ता में हैं, तो प्रो. यूनुस समझेंगे कि किसी अन्य देश के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करना कूटनीतिक रूप से खतरनाक है। बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमले और उनके द्वारा लाई गई असुरक्षाएं मामले को और भी जटिल बनाती हैं।

फिर भी यह सब अतीत की बातें हैं और यह तथ्य कि प्रो. यूनुस लोकप्रिय मांग पर पड़ोसी देश का नेतृत्वकरने के लिए तैयार हो गए हैं, न केवल बांग्लादेश में बल्कि पूरे क्षेत्र में जश्न का कारण होना चाहिए। यह सेना, व्यापक बांग्लादेशी प्रतिष्ठान और छात्र प्रदर्शनकारियों की परिपक्वता का सम्मान है कि उन्होंने अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए एक बड़े नेता को चुना है। भारत को भी शुरूआती अराजकता और चिंता को पीछे छोड़कर प्रो. यूनुस के लिए खड़े होने के हर अवसर को भुनाने की जरूरत है जो गरीबों के साथ अपने काम और न्याय, समानता और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अपने जुनून के लिए जाने जाते हैं।

प्रो. यूनुस पूंजीवाद की विकृत धारणा की विफलताओं को उजागर करने के लिए भी जाने जाते हैं जिसने पश्चिम को नुकसान पहुंचाया है और पूर्व में इसके सभी नकल मॉडलों के लिए आपदा ला



दी है। वे उन चंद लोगों में से हैं जिन्होंने लालच, शोषण और स्वार्थ के खिलाफ स्पष्ट आवाज में बात की है, जो न केवल हमारे समय की जरूरतों को पूरा करने में विफल है बल्कि गरीबों और अमीरों दोनों को समान रूप से नुकसान पहुंचाता है।

इसके अलावा युनूस बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों द्वारा विद्रोह के दौरान और उसके बाद झेली गई हिंसा के खिलाफ खड़े होने में आगे रहे हैं। यहां तक कि उन्होंने पूछा- 'क्या वे (अल्पसंख्यक) इस देश के लोग नहीं हैं? आप (छात्र) इस देश को बचाने में सक्षम हैं; क्या आप कुछ परिवारों को नहीं बचा सकते? आपको कहना चाहिए कि कोई भी उन्हें नुकसान नहीं पहुंचा सकता। वे मेरे भाई हैं; हमने साथ मिलकर लड़ाई लड़ी है और हम साथ ही रहेंगे।' पीटीआई के अनुसार, रंगपुर शहर में बेगम रोकेया विश्वविद्यालय में सप्ताहांत पर छात्रों को यह समझाइश दी गई।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि यूनुस धर्मनिरपेक्ष साख के साथ खड़े हैं और ये पिछले 10 दिनों से अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को शांत करने और उन्हें आश्वस्त करने का काम करेंगे। वास्तव में भारत में कुछ राजनीतिक रूप से प्रेरित तथा दक्षिणपंथी झुकाव वाले सोशल मीडिया कंटेंट पर अंकुश लगाने की तत्काल आवश्यकता है जो बांग्लादेश में शुरूआती हिंसा को बढ़ते या बिगड़ते हिंदू-मुस्लिम विभाजन के रूप में चित्रित करते हैं। भारत को प्रो. यूनुस के नेतृत्व में विश्वास बनाए रखना चाहिए और जहां भी जरूरत हो, उन्हें समर्थन देना चाहिए।

फिर भी, यह एक नाजुक काम होगा जो बांग्लादेश से कहीं ज्यादा भारत की परीक्षा ले सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यूनुस का धर्मनिरपेक्ष सिद्धांत और उनके काम और उनके जीवन को परिभाषित करने वाला एक गरीब समर्थक एजेंडा भारत में केंद्र में रहने वाली दक्षिणपंथी राजनीति के एजेंडे के लिए एक अनूठी राजनीतिक चुनौती पेश करता है। यूनुस को पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं देने वाले भारतीय बयान में 'हिंदुओं और सभी अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा और संरक्षण' की बात कही गई है। वे हिंदुओं, बौद्धों, ईसाइयों, अहमदिया और अन्य पर हमलों के खिलाफ मुखर रूप से बोलते रहे हैं। उनका कहना है कि छात्रों की जिम्मेदारी है कि वे सभी की सुरक्षा करें।

इसी तरह, जब यूनुस आर्थिक असमानता पर बोलते हैं तो वे ठीक उसी तरह के मुद्दे उठाते हैं जो भारत को परेशान कर रहे हैं और ऐसे सवाल उठाते हैं जो भारत में बढ़ती आय और धन की असमानता के संदर्भ में भाजपा के लिए असहजता लेकर आए हैं।

अपनी पुस्तक 'ए वर्ल्ड ऑफ थ्री जीरो' में प्रो. यूनुस, जो ग्रामीण बैंक के संस्थापक हैं, लिखते हैं- 'यदि मनुष्य वास्तव में 'पूंजीवादी आदमी' के ढांचे में फिट होते हैं तो ट्रस्ट-आधारित बैंकों से उधारकर्ता बस डिफॉल्ट हो जाएंगे ... ग्रामीण बैंक जल्द ही अस्तित्व में नहीं रहेगा। इसकी दीर्घकालिक सफलता इस तथ्य को प्रदर्शित करती है कि 'असली आदमी', 'पूंजीवादी आदमी' से बहुत अलग और बहुत बेहतर प्राणी है। फिर भी कई अर्थशास्त्री, व्यापारिक नेता और सरकारी विशेषज्ञ यह सोचना और कार्य करना जारी रखते हैं जैसे कि 'पूंजीवादी आदमी' वास्तविक है और मानों स्वार्थ ही मानव व्यवहार के पीछे एकमात्र प्रेरणा है .. वे आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था को बनाए रखते हैं जो स्वार्थ को बढ़ावा देते हैं और लोगों के लिए निःस्वार्थ, भरोसेमंद व्यवहार का अभ्यास करना अधिक कठिन बनाते हैं, जिसे लाखों लोग सहज रूप से पसंद करते हैं।'

यह वह स्थान है जहां से सार्थक विकास और स्थिरता के विचार निकलते हैं। इसमें हम सभी प्रो. यूनुस से सीख सकते हैं और 'असली आदमी' की जरूरतों और आकांक्षाओं में निहित नए मॉडल के साथ काम कर सकते हैं, जबकि हम सामूहिक रूप से तथाकथित 'पूंजीवादी आदमी' के मनगढ़ंत विचारों को अस्वीकार करते हैं।

# अडानी के खिलाफ अभियान को भारत पर हमला बताकर भाजपा ने किया खुद को बेनकाब

**- के. रवींद्रन**

**आने वाले दिनों** में सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और अदानी समूह पर ध्यान केंद्रित होने की संभावना है। अधिक पारदर्शिता के लिए हिंडनबर्ग रिपोर्ट द्वारा जारी की गयी चुनौती इस बहस के अगले चरण को अच्छी तरह से आकार दे सकती है। बुच, सत्तारूढ़ दल और विपक्ष की प्रतिक्रिया इस विवाद की दिशा और भारतीय राजनीति और शासन के लिए इसके निहितार्थों को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण होगी।

यह कहकर कि अडानी समूह के खिलाफ कथित हिंडनबर्ग हमला भारत के खिलाफ हमला है, केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा ने अनजाने में ही सही, मोदी सरकार पर समूह के प्रभाव को प्रकारान्तर से स्वीकार कर ही लिया। यह दावा न केवल अडानी के प्रभाव को रेखांकित करता है, बल्कि राहुल गांधी की लगातार आलोचना को भी सही साबित करता है कि मोदी प्रशासन आम भारतीयों के कल्याण से ज्यादा अडानी और अंबानी जैसे कॉरपोरेट दिग्गजों के हितों को प्राथमिकता देता है।



भाजपा ने आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताकर रिपोर्ट के निहितार्थों को कमतर आंकने की कोशिश की है। यह कथन पार्टी के उस सामान्य दृष्टिकोण के अनुरूप है जिसमें आलोचनात्मक रिपोर्टों और आरोपों को सरकार की वैधता को कमजोर करने के प्रयासों के रूप में खारिज किया जाता है। यह सुझाव देकर कि रिपोर्ट का समय और विषय-वस्तु विपक्षी दलों के लिए चुनावी या राजनीतिक अवसरों के साथ मेल खाने के लिए डिजाइन की गयी है, भाजपा जांच को भटकाना और अपनी राजनीतिक गति बनाये रखना चाहती है

भाजपा ने अडानी समूह का बचाव करने और समूह के हितों को अपने हितों से जोड़ने के जोखिम को भी नजरअंदाज कर दिया है, क्योंकि यह मोदी सरकार द्वारा अडानी कंपनियों को बचाने के लिए किये गये प्रयासों की स्वीकृति है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने अपने विशिष्ट अहंकारी अंदाज में यह दावा करके हिंडनबर्ग रिपोर्ट को बदनाम करने की कोशिश की है कि संगठन का मुख्य निवेशक हंगरी-अमेरिकी व्यवसायी, निवेशक और परोपकारी जॉर्ज सोरोस हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी का आलोचक माना जाता है। भाजपा राहुल गांधी पर सोरोस के साथ संदिग्ध संबंधों का आरोप लगा रही है, जिन्होंने 90 के दशक में ब्रिटिश पाउंड के खिलाफ दांव लगाया था, जिससे मुद्रा की कमर टूट गयी थी। प्रसाद ने अडानी समूह और सेबी प्रमुख के खिलाफ रिपोर्ट के निष्कर्षों की आलोचना करते हुए इसे शेयर बाजार में हेरफेर कर-के भारत को अस्थिर करने का प्रयास बताया।

कांग्रेस हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच के खिलाफ लगाये गये आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराने और उनके तत्काल इस्तीफे की मांग कर रही है। पार्टी ने माधबी पुरी बुच को बर्खास्त करने की मांग करते हुए देशव्यापी आंदोलन की योजना बनाकर विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया को तेज कर दिया है। इस कदम को जनता की भावनाओं को भड़काने और मोदी सरकार पर दबाव बनाने के रणनीतिक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। आंदोलन का उद्देश्य कांग्रेस द्वारा नियामक कब्जे और कॉर्पोरेट हितों की रक्षा में सरकार की मिलीभगत के व्यापक मुद्दे को उजागर करना है।

सेबी के नेतृत्व और इसकी विफलताओं पर टकराव मोदी सरकार और अडानी जैसी कॉर्पोरेट संस्थाओं के बीच संदिग्ध संबंधों का प्रतीक है। राहुल गांधी लंबे समय से तर्क देते रहे हैं कि मोदी सरकार कॉर्पोरेट सत्ता के साथ बहुत अधिक घनिष्ठ है, जो औसत भारतीय के लिए नुकसानदेह है। उनके अनुसार, सरकार की नीतियां और प्राथमिकताएं व्यापक जनता की जरूरतों और आकांक्षाओं को संबोधित करने के बजाय शीर्ष पर कुछ चुनिंदा लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए उनकी ओर झुकी हैं। उनका बार-बार दोहराया जाने वाला आरोप कि एक प्रतिशत भारतीय देश की 40 प्रतिशत संपत्ति संभालते हैं, उनकी सार्वजनिक बैठकों का एक मुहावरा बन गया है।

हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट, जिसने सबसे पहले अडानी समूह को गहन जांच के दायरे में लाया, ने भारत में कॉर्पोरेट प्रशासन और नियामक निगरानी के बारे में चचाओं को फिर से हवा दे दी है। हिंडनबर्ग ने सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच को भारत और विदेश दोनों में अपने निवेश के विवरण का खुलासा करने की चुनौती दी है। यह चुनौती पारदर्शिता और भारत के नियामक संस्थानों के भीतर संभावित हितों के टकराव के बारे में व्यापक चिंताओं को रेखांकित करती है। रिपोर्ट में अडानी समूह की वित्तीय प्रथाओं की निगरानी में सेबी की भूमिका की ईमानदारी पर सवाल उठाया गया है। यह जांच ऐसे परिदृश्य में महत्वपूर्ण है जहां कॉर्पोरेट हितों और सरकारी प्रभाव के बीच की रेखा अक्सर धुंधली हो जाती है, जिससे नियामक निकायों की प्रभावकारिता और निष्पक्षता के बारे में चिंताएं बढ़ जाती हैं।

जहां तक भाजपा का सवाल है, हिंडनबर्ग की ताजा रिपोर्ट के निष्कर्ष राहुल गांधी द्वारी मोदी सरकार की आलोचना को सही साबित करते हैं। शायद यही कारण है कि अमेरिकी शॉर्ट सेलर द्वारा लगाये गये आरोपों के निहितार्थों को लेकर भाजपा खेमे में निराशा है। राहुल गांधी के लिए, अडानी विवाद मोदी सरकार की और स्वयं मोदी की आलोचना और व्यापक सामाजिक जरूरतों की उपेक्षा करते हुए मुट्ठी भर व्यापारिक दिग्गजों के हितों के साथ सरकारी नीतियों के व्यवस्थित संरेखण का एक आवर्ती विषय रहा है। इस स्थिति के राजनीतिक परिणाम बहुत गहरे हैं।

एक ओर, सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा अडानी का बचाव और दूसरी ओर जांच की विपक्ष की मांग को खारिज करना कॉर्पोरेट सहयोगियों का समर्थन करने की उनकी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। भाजपा के इस रुख से आम मतदाताओं के और अलग-थलग पड़ने का भी खतरा है, जिन्हें लग सकता है कि कॉर्पोरेट हितों के पक्ष में उनकी चिंताओं को दरकिनार किया जा रहा है। इस प्रकार सेबी के नेतृत्व और कॉर्पोरेट प्रभाव के व्यापक मुद्दे पर बहस एक बड़े राजनीतिक कथानक, जिसमें शासन, निष्पक्षता और प्रतिनिधित्व की चर्चा की जाती है, का सूक्ष्म रूप बन जाती है। लोकसभा चुनावों में प्रतिकूल चुनावी नतीजों के साथ, यह सत्तारूढ़ दल के लिए चिंता का एक गंभीर कारण है।

आने वाले दिनों में सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और अदानी समूह पर ध्यान केंद्रित होने की संभावना है। अधिक पारदर्शिता के लिए हिंडनबर्ग रिपोर्ट द्वारा जारी की गयी चुनौती इस बहस के अगले चरण को अच्छी तरह से आकार दे सकती है। बुच, सत्तारूढ़ दल और विपक्ष की प्रतिक्रिया इस विवाद की दिशा और भारतीय राजनीति और शासन के लिए इसके निहितार्थों को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण होगी।

# भाजपा का धर्मनिरपेक्षता का ढोंग

**- प्रो. रविकांत**

**आरएसएस** और हिंदू महासभा शुरू से ही धर्मनिरपेक्षता विरोधी रहे हैं। 'हिंदुत्व और धर्मनिरपेक्षता' नामक लेख में गोलवलकर ने लिखा कि 'पश्चिम में पैदा हुआ धर्मनिरपेक्षता का विचार हमारे देश में अनुपयुक्त है।' हिंदू महासभा के पूर्व अध्यक्ष और जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 17 सितंबर 1951 को संसद में धर्मनिरपेक्षता को 'सेक्युलराइटिस' नामक बीमारी कहा। 1960 के दशक में सांप्रदायिक दंगे शुरू हो गए।

आजादी के 78वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिये गए भाषण की अलग-अलग ढंग से आलोचना-समालोचना हो रही है। पूरे देश को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि -मौजूदा नागरिक कानून सांप्रदायिक है। उनकी सरकार कॉमन सिविल कोड के जरिए सेकुलर कानून स्थापित करना चाहती है। विदित है कि संविधान सभा में नागरिक कानून को लेकर के लंबी बहस हुई थी। कॉमन सिविल कोड को लेकर डॉ. अंबेडकर और प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू आग्रहशील थे। लेकिन संविधान सभा में सर्वसम्मति नहीं बन सकी। इसलिए समान नागरिक संहिता को नीति निर्देशक तत्व के अनुच्छेद 44 में शामिल करते हुए, यह स्पष्ट कर दिया गया कि मुस्लिम, ईसाई और अन्य समुदायों की सहमति से ही इसे लागू किया जाएगा। इस पर पहले भी चर्चा होती रही है लेकिन नरेंद्र मोदी ने मौजूदा नागरिक कानून को सांप्रदायिक कहकर पूरी संविधान सभा, पहले प्रधानमंत्री नेहरू और संविधान निमार्ता डॉ. आंबेडकर को क्या सांप्रदायिक नहीं घोषित कर दिया है? एक और सवाल कि जो पार्टी सरेआम धर्मनिरपेक्षता को देश पर कलंक मानती रही है, वह अचानक सेकुलर होने का ढोंग क्यों करने लगी है? क्या यह बीजेपी के हार का कारण है अथवा नरेंद्र मोदी की अपनी शैली है जिसके जरिए वह लगातार देश को गुमराह करते रहे हैं? बहरहाल, यह समझना जरूरी है कि धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान और लोकतंत्र के लिए कितनी महत्व रखती है? आज भी सेकुलर बनाम साम्प्रदायिक की बहस क्यों जारी है?

धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान का बुनियादी मूल्य है। यद्यपि मूल संविधान में इसका जिक्र नहीं है, लेकिन इसके स्वभाव में मौजूद है। आरम्भ से ही धर्मनिरपेक्षता स्वतंत्र भारत के लिए चुनौतीपूर्ण रही है। फ्रांसीसी लेखक एंड्रे मेलरॉक्स के एक सवाल के जवाब में, जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि 'देश के सामने वर्तमान में दो सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। एक, न्यायपूर्ण साधनों द्वारा समतामूलक समाज का निर्माण करना और दूसरा, एक धार्मिक देश में धर्मनिरपेक्ष राज्य का निर्माण करना। राष्ट्र निर्माण का एक उद्देश्य धर्मनिरपेक्षता को स्थापित करना था। लेकिन सांप्रदायिक हिंदुत्ववादी राजनीतिक और सांस्कृतिक संगठनों द्वारा लगातार धर्मनिरपेक्षता पर कुठाराघात किया गया।

आरएसएस और हिंदू महासभा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने पर आमादा थे। इनका लक्ष्य सिर्फ मुस्लिम विरोध नहीं था बल्कि सभी अल्पसंख्यकों को दोयम दर्जे का नागरिक बनाना और असमानतापूर्ण वर्ण-जाति आधारित सामाजिक व्यवस्था स्थापित करना था। विभाजन के समय देश में सांप्रदायिक उन्माद पैदा किया जा रहा था। आरएसएस के कार्यों को लेकर जवाहरलाल नेहरू बहुत चिंतित थे। 7 सितंबर 1947 को मुख्यमंत्रियों को भेजे गए अपने पत्र में नेहरू ने लिखा कि, 'हमारे पास ऐसे ढेरों सबूत हैं जो यह दर्शाते हैं कि आरएसएस एक ऐसा संगठन है जो निजी सेना की प्रकृति का है और जो निश्चित रूप से कठोर नाजी रास्ते पर चल रहा है, यहां तक कि संगठन की तकनीकों का भी अनुसरण कर रहा है। हमारी इच्छा नागरिक स्वतंत्रता में दखल देने की नहीं है। लेकिन उपयोग करने के स्वाभाविक उद्देश्य के साथ बड़ी संख्या में लोगों के सशस्त्र प्रशिक्षण को बढ़ावा नहीं दिया जा सकता है... यह प्रांत की सरकार के लिए वांछनीय है कि वह नजर बनाए रखे और आवश्यकता पड़ने पर उचित कार्रवाई करे।' इसी उन्माद ने महात्मा गांधी की जान ले ली। डॉ. अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान को आरएसएस औपनिवेशिक विरासत का प्रतीक मानता रहा है। 30 नवंबर 1949 को आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखा गया कि यह संविधान हमें स्वीकार्य नहीं है क्योंकि इसमें मनु की संहिताएं नहीं हैं।

आरएसएस और हिंदू महासभा शुरू से ही धर्मनिरपेक्षता विरोधी रहे हैं। 'हिंदुत्व और धर्मनिरपेक्षता' नामक लेख में गोलवलकर ने लिखा कि 'पश्चिम में पैदा हुआ धर्मनिरपेक्षता का विचार हमारे देश में अनुपयुक्त है।' हिंदू महासभा के पूर्व अध्यक्ष और जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 17 सितंबर 1951 को संसद में धर्मनिरपेक्षता को 'सेक्युलराइटिस' नामक बीमारी कहा। 1960 के दशक में सांप्रदायिक दंगे शुरू हो गए। इसका मुकाबला करने के लिए नेहरू ने 1961 में राष्ट्रीय एकता परिषद का गठन किया। इसका मकसद राज्यों के समन्वय और नीतियों के जरिए सांप्रदायिक सौहार्द्र बहाल करना था। लेकिन हिंदुत्ववादी ताकतें निरन्तर समय-समय पर सिर उठाती रहीं।

इंदिरा गांधी सरकार द्वारा 1976 में 42वें संविधान संशोधन द्वारा प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द शामिल किया गया। इंदिरा गांधी द्वारा लागू किए गए आपातकाल के खिलाफ विपक्ष एकजुट हुआ। कांग्रेस (इंदिरा) के खिलाफ जनता पार्टी ने 1978 के चुनाव में जीत हासिल की। सोशलिस्टों के साथ सरकार में रहकर जनसंघ की समाज में स्वीकार्यता बढ़ी। जनता पार्टी सरकार में मजबूत हुए हिंदुत्ववादी विभिन्न सरकारी संस्थानों में घुसपैठ करने में कामयाब हो गए। लेकिन जल्दी ही जनता पार्टी सरकार ने अपना विश्वास खो दिया। जनता पार्टी के बिखरने के बाद जनसंघ के स्थान पर 1980 में भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। राम मंदिर आंदोलन के दौरान भाजपा और आरएसएस ने अनेक हिंदुत्ववादी संगठन खड़े किए। 6 दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद तोड़ दी गई। धर्मनिरपेक्षता पर यह सबसे बड़ा हमला था। सांप्रदायिक उन्माद और वर्णवादी हिंदुत्व के विचार से भाजपा पूर्णतः सवर्णों की पार्टी बन गई। सोशल इंजीनियरिंग के जरिए भाजपा ने पिछड़े समाजों को भी जोड़ने में कामयाबी हासिल की।

इसके फलस्वरूप 1996, 1998 और पुनः 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनी।

इस दरमियान शिक्षण संस्थाओं, अकादमियों और इतिहास लेखन में भारत की बहुल सांस्कृतिक पहचान को अप्रासंगिक बनाते हुए हिंदुत्ववादी विचारधारा को प्रोत्साहित किया गया। अब दंगों की जगह अल्पसंख्यकों का नरसंहार होने लगा। उड़ीसा, झारखंड और उत्तर पूर्व के अनेक राज्यों में ईसाइयों पर हमले हुए। 2002 में गुजरात में मुसलमानों का भीषण नरसंहार हुआ।

2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद हिंदुत्ववादी संगठन बेलगाम हो गए। गाय के नाम पर बेकसूरों को पीटना और मॉब लिंचिंग करना शगल बन गया। मुसलमानों को प्रताड़ित करने के लिए लव जिहाद और लैंड जिहाद जैसे नए शब्द गढ़ लिए गए। संविधान की प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्षता शब्द हटाने की मुहिम छेड़ दी गई। इतिहास के प्रसंगों और नायकों का संप्रदायकीकरण किया गया। पुरानी इमारतों को हिंदू मंदिर बताया जाने लगा। रामनवमी के जुलूस में मस्जिदों पर भगवा लहराना और मुसलमानों को अपमानित करना आम हो गया। चुनावों में आचार संहिता की बेखटके धज्जियां उड़ाई गईं।

2019 का लोकसभा चुनाव जीतने के बाद नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 'कोई पार्टी धर्मनिरपेक्षता की बात करने की हिम्मत नहीं कर सकी। 303 सीटों को हिंदुत्व की जीत और हिन्दू राष्ट्र का जनमत की तरह प्रचारित किया गया। 2024 के चुनाव के ठीक पहले अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के बाद संविधान बदलने की मुनादी कर दी गई। लेकिन इस चुनाव में दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों ने बीजेपी को सबक सिखा दिया। नरेंद्र मोदी अब सेक्युलर दलों की बैसाखियों के सहारे सरकार चला रहे हैं। चुनाव में हार के बाद अचानक भाजपा धर्मनिरपेक्षता का ढोंग करने लगी है। लेकिन सच यह है कि भाजपा और आरएसएस कभी धर्मनिरपेक्ष नहीं हो सकते। नरेंद्र मोदी ने मौजूदा नागरिक संहिताओं को साम्प्रदायिक कहकर उस संविधान सभा का अपमान किया है, जिसमें सभी विचारधाराओं के प्रबुद्ध नेता मौजूद थे। सामाजिक न्याय, समाजवाद और सेकुलरिज्म जैसे आधुनिक और मानवीय मूल्यों को संविधान में स्थापित करने वाली संविधान सभा पर अप्रत्यक्ष हमला करके नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर साबित कर दिया है।

# टीम बनाकर भूमि विवाद निपटायें: डीएम

## 125 में आठ मामले निपटे

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस मानिकपुर तहसील सभागार में हुआ।

शनिवार को जन समस्याओं के निदान को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन समस्याओं का निस्तारण हो रहा है, उनके निस्तारण से ग्रस्त व्यक्ति को बतायें कि निस्तारण से संतुष्ट हैं या नहीं। डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में आये मामलों पर कहा कि शासन से निर्धारित समय सीमा भीतर निस्तारण करें। मानिकपुर में 125 मामले में आठ का मौके पर निस्तारण हुआ। डीएम-एसपी ने चक रोड अतिक्रमण, भूमि बाबत मामलों पर एसडीएम मानिकपुर से कहा कि राजस्व, चकबंदी व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर चकरोड भूमि अतिक्रमण व भूमि बाबत मामलों को प्राथमिकता से कब्जा मुक्त करायें। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायत शासन की मंशानुसार हल करें।




समस्या सुनते डीएम-एसपी।

इस मौके पर डीएफओ नरेंद्र कुमार सिंह, एसडीएम मानिकपुर पंकज वर्मा, सीओ मऊ जयकरन सिंह, तहसीलदार मानिकपुर चन्द्रकान्त तिवारी, पीडी डीआरडीए सच्चिदानंद, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, डीपीआरओ इन्द्र नारायण सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल धर्मान, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, सीबीओ सुभाष चंद्र, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, उप निदेशक कृषि राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध दशा में विवाहिता ने की आत्महत्या

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर थाने के कुसेली गांव में एक युवती ने संदिग्ध दशा में कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

आत्महत्या की ये घटना शुक्रवार की रात कुसेली गांव में हुई। बताया गया कि रिचा सिंह (23) पत्नी निर्मल सिंह गृह कलह से संदिग्ध दशा में रात में बंद कमरे में साड़ी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। सवेरे परिजनों ने देखा तो वह फांसी के फंदे पर झूलती दिखाई दी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह, तहसीलदार रामसुधार राम व दरोगा शैलेंद्र सिंह घटना स्थल पहुंचे। दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला। पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। मृतका की शादी चार साल पहले हुई थी, प्रयागराज में उसका मायका है। मायके पक्ष ने कहा कि दहेज न देने से हत्या कर आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है। मृतका के एक पुत्री है। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने कहा कि मायके पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी। तहरीर मिलने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।



मृतका की फाइल फोटो।

# तहसील दिवस में दलित महिला ने दी आत्महत्या की धमकी

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** कस्बे के शिवनगर मोहल्ले की अनुसूचित जाति की संजू कोल पत्नी धनंजय कोल ने तहसील दिवस में डीएम-एसपी को सौंपे पत्र में कहा कि दबंग ओमप्रकाश पाण्डेय पुत्र स्व छेदीलाल पाण्डेय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज न हुई तो वह गर्भ में पल रहे बच्चे व अन्य संतानों समेत आत्महत्या कर लेगी।

शनिवार को तहसील दिवस में संजू कोल ने डीएम-एसपी को सौंपे पत्र में कहा कि दबंग पडोसी ओमप्रकाश पाण्डेय उसे आये दिन गाली-गलौज कर बुरी नीयत से देखता है। वह मानसिक रूप से परेशान है। दबंग धमकी दे रहा है कि किसी से शिकायत करोगी तो पूरे परिवार की हत्या करवा देगा। उसका पति मजदूरी करता है। घर के पास लगे सरकारी हैण्डपम्प में पानी भरने जाने पर परेशान करता है। हैण्डपम्प में लगा सबमरसिबल पम्प निकाल दिया है। वह गर्भवती है, इससे पीने का पानी लेने कहीं नहीं जा सकती।

पीडिता ने आरोप लगाया कि दबंग चाहता है कि उसके घर पानी लेने आये तो वह उससे शारीरिक संबंध बना ले। अनेक प्रकार से परेशान करता है। पीडिता ने चेताया कि दबंग के खिलाफ रिपोर्ट न हुई तो वह बच्चों समेत आत्महत्या कर लेगी।

# डॉक्टर हत्या-दुष्कर्म में एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कोलकाता के आर जी मेडिकल कालेज की ट्रेनी डाक्टर से दुष्कर्म-हत्या के विरोध में पीड़िता को न्याय दिलाने को आक्रोश-प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन एसडीएम मो जसीम को सौंपा।

शनिवार को अभाविप विभाग संगठन मंत्री शिवम पांडेय ने कहा कि विभिन्न मीडिया चैनल व समाचार पत्रों से पता चला कि पश्चिम बंगाल कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म-हत्या की घटना में सरकार आत्महत्या बता रही है। ऐसी घटनाओं में टीएमसी लिप्त रही है। ममता सरकार का संरक्षण प्राप्त है। जिला संयोजक तेज प्रकाश चतुर्वेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में महिला सुरक्षा बाबत घटनायें हो रही हैं। दुष्कर्म में संलिप्त लोगों को सरकार बचा रही है। बंगाल में हो रही घटनायें मानवता को शर्मसार करती हैं। ममता सरकार के विरोध में विरोध-प्रदर्शन करते हुए अभाविप ने आक्रोश जताया। घटना बाबत उच्च स्तरीय जांच की मांग की। इस मौके पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य नितेश त्रिपाठी, सत्या पांडेय, नगर मंत्री अनुज निषाद, अतुल तिवारी, अंशु शुक्ला, विशेष कुशवाहा, अखिल, अतुल, मनीष कुमार, अजय यादव, विकास मौर्या, गुलशन, शिवेंद्र मौजूद रहे।




प्रदर्शन करते एबीवीपी।

# जरका पुरवा में मोदी-योगी के सपने हो रहे चकनाचूर

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर क्षेत्र के गढचपा गांव के जरका पुरवा के ग्रामीणों ने सम्पूर्ण समाधान में सैकडों की तादाद में अधिकारियों को पीडा सुनाई। कहा कि कई बार शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। शनिवार को गढचपा गांव के मजरा जरका पुरवा में दलित-आदिवासी 2019 में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से बिजली खम्भे गाड़े गये थे। आज तक न बिजली न ट्रांसफार्मर न तार, फिर भी ग्रामीणों को विद्युत बिल भेजे गये। ग्रामीणों ने बताया कि कागजों में बिजली चालू है। ग्रामीणों के विद्युत बिल आ रहे हैं। दो दर्जन ग्रामीणों ने जरका पुरवा में बिजली चालू कराने की मांग की। जिलाधिकारी से शिकायत कर बिजली चालू कराने की मांग उठाई। कहा कि ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। मोदी सरकार का नारा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास कहां गया। जिम्मेदार अधिकारी मोदी- योगी के सपने को चकनाचूर कर रहे हैं।

# पारदर्शिता से करें शिकायत निस्तारण: प्रमोद झा



तहसील में समस्यायें सुनते एसडीएम-सीओ।

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** एसडीएम प्रमोद कुमार झा व सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय की मौजूदगी में तहसील समाधान दिवस में 49 फरियादियों की समस्यायें सुनीं। मौके में चार मामलों का निस्तारण हुआ। अन्य पत्रों की जांच को राजस्व व थाना की टीमों से जांच बाद निस्तारण कराया जाएगा।शनिवार को तहसील समाधान दिवस में पूर्व की शिकायतों पर जल्द कार्यवाही के निर्देश दिये। एसडीएम ने समीक्षा कर बताया कि तहसील समाधान दिवस में 49 मामलों के सापेक्ष चार निपटे। शेष के निस्तारण को राजस्व व पुलिस टीम गठित की गई है। बिना भेदभाव के वादी व प्रतिवादी की मौजूदगी में निस्तारण होगा, ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार चक्कर न लगाना पडे। इस मौके पर एसडीएम न्यायिक फूलचंद यादव, प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह, उप कृषि निदेशक राजकुमार, एडीओ कृषि धीरेन्द्र यादव, विजय राघव, प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी, लेखपाल संघ अध्यक्ष रामनिवास शुक्ला, प्रदीप तिवारी, कपिलमुनि पाण्डेय, अवधेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।



पुलिस गिरफ्त में चोर।

# चोरी की बाइक समेत चोर दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में भरतकूप पुलिस ने मोटरबाइक चोरी घटना का खुलासा कर चोर के कब्जे से मोटरबाइक बरामद की।

ज्ञात है कि 15 अगस्त को मप्र के रतनगढ मुरैना के दीपक शर्मा पुत्र वासुदेव शर्मा ने थाने में सूचना दी कि मोटरबाइक अज्ञात चोर चुरा ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर घटना के खुलासे की जिम्मेदारी दरोगा राहुल पाण्डेय को सौंपी। दरोगा ने सत्यम सविता पुत्र भोला सविता बीदर का पुरवा मजरा भरतकूप को बिना नम्बर की मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया। मोटरबाइक की चेचिस नम्बर चेक की गई। बरामदगी पर धारायें बढायी। टीम में दरोगा राहुल पाण्डेय, दीवान शैलेन्द्र सिंह व सिपाही नरेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# गैंगरेप पीडिता की करें मदद




पीडिता को न्याय दिलाने को प्रदर्शन करती महिलायें।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जनवादी महिला समिति की का पूनम की अगुवाई में अयोध्या मे बालिका से हुये गैंगरेप के विरोध में न्याय दिलाने को फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला चलाने की मांग की है। शनिवार को जनवादी महिला समिति की का पूनम की अगुवाई में अयोध्या में बालिका के साथ हुए गैंगरेप में प्रदर्शन कर का पूनम ने कहा कि महिलाओं के साथ जुल्म अत्याचार पर प्रभावी कार्यवाही नहीं हो रही। 12 वर्षीय बालिका फैजाबाद अयोध्या में गैंगरेप की शिकार हो गई। ऐसी घटनायें बलात्कारियों के हौसले बढाती हैं। घटना के मुख्य आरोपी को बचाया जा रहा है। मांग किया कि बलात्कारियों को राजनैतिक संरक्षण देना बन्द करें। बिना भेदभाव के आरोपी को सजा दिलाकर बुलडोजर चलायें। अयोध्या गैंगरेप पीडिता का मामला फास्ट टैड्रक कोर्ट में चलाकर न्याय दिलायें। इस मौके पर प्रिया, सीमा, पूनम, गुड्डी, कमलेश, अंजू, अफरोज, अभिलाषा, दुर्गेश्वरी, राजनन्दनी, कामनी आदि मौजूद रहे। बाद में मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

# रक्षाबंधन पर्व पर खाद्य सुरक्षा की छापेमारी जारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त व जिलाधिकारी के आदेश पर रक्षाबंधन पर्व पर जनता को स्वस्थ्य एवं सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ दिलाने को मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोक लगाने को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने 14 अगस्त से 19 अगस्त तक जिले में विशेष अभियान चला रहा है। शनिवार को सहायक आयुक्त खाद्य सुश्री प्रियंका सिंह ने बताया कि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार की अगुवाई में प्रवर्तन अधिकारी प्रदीप कुमार, विनय कुमार, प्रमोद कुमार सोनकर ने अभियान चला रहे हैं। अभियान दल ने मिलावट पर संदेह होने पर छापेमारी कर जांच को नमूने लिये हैं। अभियान दल ने 14 से 17 अगस्त तक 15 नमूने लिये हैं। अभियान दल ने शनिवार तक 15 नमूने संग्रहित किये है। नमूनों की जांच को प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच नतीजे मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।



छापेमारी करती टीम।

# बिजली कटौती पर ब्लाक प्रमुख ने डीएम से की वार्ता

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** क्षेत्र में अंधाधुंध बिजली कटौती के विरोध मे मानिकपुर ब्लाक प्रमुख ने जिलाधिकारी से वार्ता कर बिजली कटौती पर रोष जताया। तहसील सभागार में समाधान दिवस में डीएम-एसपी समेत अन्य अधिकारी समस्यायें सुन रहे थे। अचानक मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविन्द कुमार मिश्रा ने मानिकपुर समेत मारकुंडी क्षेत्र में अंधाधुंध बिजली कटौती बाबत जिलाधिकारी से वार्ता की। ज्ञापन सौंपकर बिजली कटौती से क्षेत्रीय लोगों को निजात दिलाने की मांग की। जिलाधिकारी ने ब्लाक प्रमुख को आस्वस्त किया कि जल्द समस्याओं का निस्तारण होगा। रात्रिकाल की कटौती बंद कराई जायेगी। क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि कम से कम सत्ता पक्ष का कोई जनप्रतिनिधि क्षेत्रीय समस्याओं के लिए खुलकर आगे तो आया। लोगों ने ब्लाक प्रमुख को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# तीन के कब्जे से 59 क्वार्टर-20 लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से 59 क्वार्टर देशी व 20 लीटर महुआ शराब बरामद की है।

शनिवार को सीतापुर चैकी के दरोगा मेवालाल मौर्य ने सिपाही रविंद्र कुमार, नागेश कुमार के साथ राकेश कुमार उर्फ राकेश निषाद पुत्र खुद्दा निषाद चकमाली को 28 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया।

इसी क्रम में सीतापुर चैकी के दरोगा मेवालाल मौर्य ने सिपाही रविंद्र कुमार व अभिषेक प्रताप सिंह के साथ विनोद गोस्वामी पुत्र जुगल किशोर गोस्वामी बिसंडा बांदा को 20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा अंकित सिंह ने सिपाही प्रकाश मिश्रा, बुद्धसेन विक्रम, उज्जवल पांडे के साथ मिर्चइयां पुत्र स्व खिलाड़ी बरुआ के कब्जे से 31 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। तीनों के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

## हादसे आरोपी को हुई सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार प्रदीप कुमार की पैरवी व सहायक अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस से न्यायालय सिविल जज (सीडि)/एफटीसी सुश्री सोनम गुप्ता ने कोतवाली कर्वी में दर्ज हादसे के आरोपी बबुली पुत्र मलखान यादव बनियन पुरवा मजरा खरौंध को न्यायालय उठने तक की सजा व तीन हजार रुपये जुर्माना से दंडित किया।

## शराब बेंचने में हुई सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार व पैरोकार संजीव कुमार की पैरवी व सहायक अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस से न्यायालय सिविल जज (सीडि)/एफटीसी सुश्री सोनम गुप्ता ने राजापुर थाने में दर्ज आबकारी अधिनियम आरोपी कुटुल पुत्र टेढ़वा क्योटरा को न्यायालय उठने तक की सजा व पांच सौ रुपये जुर्माना से दंडित किया।

## नदी में डूबे किसान की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भैस चराने गये किसान की नदी मे डूब जाने से मौत हो गई । जब देर शाम तक वह घर नही पहुंचा तो परिजनों ने खोज बीन की जंहा उसका शव नदी मे तैरता मिला। यह घटना रैपुरा थाना क्षेत्र के कुई अकुरिया गांव निवासी लक्ष्ण (22)गुरुवार को अपनी भैंसे लेकर गांव के बाहर चराने ले गया था।जहा गुहिया नदी मे नहाते समय वह गहरे पानी मे चला गया जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। देर शाम भैंसे घर पहुंच गई लक्ष्ण घर नही पहुंचा तो परिजनों ने खोज बीन की युवक का शव नदी मे तैरता मिला घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची। शुक्रवार को पुलिस ने शव को कब्जे मे लेते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा घटना से परिजनों में शोक व्याप्त रहा। मृतक तीन भाइयों ने बड़ा था। मां ननकी का रो-रो कर बुरा हाल है।

# यूक्रेन से अपने सैनिकों को बाहर निकालने लगे पुतिन, रूस में यूक्रेनी सेना के हमले का दिखने लगा असर

**मॉस्को: रूस** और यूक्रेन युद्ध एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गया है। यूक्रेनी सेना रूस के अंदर घुस गई है, जिसने पुतिन की सेना की टेंशन बढ़ा दी है। इस बीच ऐसी रिपोर्ट आई है कि रूस अपने सैनिकों को कब्जाए गए यूक्रेन के इलाके से निकालने लगा है। यूक्रेन में तैनात सैनिकों को रूस के अंदर पहुंची यूक्रेनी सेना से लड़ने के लिए भेजा जा रहा है। यह दिखाता है कि रूसी सेना की अब यूक्रेन पर पकड़ कमजोर होने लगी है। सीएनएन को दो अमेरिकी अधिकारियों ने इस बारे में बताया है। इस घटनाक्रम ने अमेरिका का ध्यान आकर्षित किया है और अब अमेरिकी अधिकारी यह पता लगाने में लगे हैं कि आखिर कितने सैनिकों को रूस ने यूक्रेन से निकाला है।



रिपोर्ट के मुताबिक 1000 सैनिकों से बने कई ब्रिगेड अब रूस के कुर्स्क में भेज दिए गए हैं। यूक्रेन ने पिछले सप्ताह यहां हमला किया है। अमेरिका राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने गुरुवार को कहा, 'यह साफ है कि पुतिन और रूसी सेना कुछ इकाइयों को कुर्स्क ओब्लास्ट की ओर भेज रहे हैं। उन मोर्चों पर अभी यूक्रेन से लड़ने के लिए सक्रिय लड़ाई चल रही है।' किर्बी ने यह साफ कर दिया है कि यूक्रेन से रूसी सैनिकों के जाने का मतलब यह नहीं कि पुतिन ने यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी हिस्से या दक्षिण में जापोरिज्जिया जैसी जगहों पर सैन्य अभियान बंद कर दिया है। उन मोर्चों पर भी भी लड़ाई जारी है।

रूस के साथ अमेरिका भी हैरान

शुरूआत में जब यूक्रेन ने रूस में हमला किया था तो इसे पुतिन को अपमानित करने की एक मनगढ़ंत कोशिश माना जा रहा था। लेकिन रूस ने सैनिकों को यूक्रेन से निकाल कर दिखा दिया है कि इसका रणनीतिक प्रभाव पड़ रहा है। हालांकि यह इस बात पर निर्भर करता है कि यूक्रेन रूसी क्षेत्र पर कब तक कब्जा कर पाता है। यूक्रेन के रूस पर हमले से अमेरिकी अधिकारी प्रभावित हैं, खास तौर से तब जब यूक्रेनी सेना अटैक को पूरी तरह सीक्रेट रखा। इसने रूस के साथ-साथ अमेरिकी अधिकारियों को भी हैरान कर दिया है।

डर्टी बम क्या है जिससे डरते हैं पुतिन? रूस ने कहा यूक्रेन हमला करने वाला है


यूक्रेन के लिए क्या हुई मुश्किल

हालांकि रूस पर हमला करके यूक्रेन ने अपनी 965 किमी के बॉर्डर को कुछ जगहों पर कमजोर करने का जोखिम उठाया है। लेकिन यह उन रूसी सैनिकों को अपने कदम पीछे करने को मजबूर कर सकता है जो यूक्रेन के अंदर गर्मियों में घुस रहे थे। यूक्रेन का कहना है कि उसने अपने हमले के बाद 1000 वर्ग किमी से ज्यादा की रूसी जमीन पर कब्जा कर लिया है। इस कारण हजारों रूसी लोग अपने घरों को छोड़ने पर मजबूर हो गए हैं।

अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि ऑपरेशन का प्रमुख लक्ष्य पुतिन के लिए रणनीतिक दुविधाएं पैदा करना दिख रहा है, ताकि वह यह न समझ पाएं कि अपनी सेना को कहां लगाना है।

# जन गण मन पर खड़े हुए पाकिस्तानी, ब्रिटेन में भारतीयों और पाकिस्तानियों ने साथ मनाया आजादी का दिन

**लंदन: अंग्रेजों** से आजादी के दिन भारत ने 15 अगस्त को अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। देश-विदेश से इस मौके पर स्वतंत्रता दिवस मनाने से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो सामने आए। भारत में लोगों ने हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। लेकिन विदेश में रहने वाले भारतीयों ने भी इस मौके पर तिरंगा लेकर जश्न मनाया। इस बीच एक वीडियो सोशल मीडिया पर देखने को मिला है, जिसमें भारत के राष्ट्रगान के लिए पाकिस्तानी भी भारतीय लोगों के साथ खड़े हैं। वीडियो यूके का बताया जा रहा है। पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट एआरवाई न्यूज से जुड़े पत्रकार फरीद कुरैशी ने इसका वीडियो बनाकर अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। कुरैशी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'ब्रिटेन के जरिए बांटे गए,



ब्रिटेन में एकजुट। पाकिस्तानी और भारतीय एक साथ स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। इस वीडियो में दर्शक भारत के राष्ट्रगान के प्रति सम्मान दिखा रहे हैं। पिछला वीडियो पाकिस्तान के राष्ट्रगान का है, जिसे पिकाडिली सर्कस में पाकिस्तानियों और भारतीयों दोनों की ओर से गाया गया।'

भारत के राष्ट्रगान पर पाकिस्तानी खड़े हुए

कुरैशी के शेयर किए गए वीडियो में भारत और पाकिस्तान दोनों के झंडे लिए लोग जन गण मन गाते दिख रहे हैं। उनमें से कुछ को इस पल को रिकॉर्ड करते हुए भी देखा गया। सोशल मीडिया पर शेयर होने के बाद ये वीडियो वायरल हो गया है। इसे अब तक 42 लाख लोग देख चुके हैं। सोशल मीडिया पर इसे लेकर अलग-अलग तरह की टिप्पणियां की जा रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि इस वीडिया ने उनका जीत लिया। वहीं कुछ ने कहा कि यह सिर्फ सोशल मीडिया के लिए किया गया है।

# बांग्लादेश एक मुस्लिम भाई, पाकिस्तान देगा पूरी मदद

**ढाका: बांग्लादेश** में शेख हसीना की सरकार गिर गई है, जिसके बाद पाकिस्तान बेहद खुश है। बांग्लादेश में एक अंतरिम सरकार है, जिसके प्रमुख नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस हैं। पाकिस्तान ने उनके पद ग्रहण करने पर बधाई दी थी। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का एक पत्र सामने आया है, जो उन्होंने मोहम्मद यूनुस को 12 अगस्त को लिखा था। इसमें शहबाज ने बांग्लादेश को एक भाईचारे वाला मुस्लिम देश बताया था। इसके साथ कहा कि वह दक्षिण एशिया में एक भागीदार के रूप में बांग्लादेश के साथ संबंधों को महत्व देता है।

शहबाज ने अपने पत्र में लिखा, 'पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार का पद ग्रहण करने पर आपको हार्दिक बधाई देते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। आपकी नियुक्ति उस भरोसे का प्रमाण है कि बांग्लादेश के लोग विशेषकर युवा दूरदर्शिता और नेतृत्व पर भरोसा रखते हैं।'

शहबाज ने आगे कहा, 'पाकिस्तान एक भाईचारे वाले मुस्लिम देश और दक्षिण एशिया में एक भागीदार के रूप में बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है।'

आपस में मिलकर काम करने की जताई इच्छा शहबाज ने अपने पत्र में कहा, 'हम बांग्लादेश के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंध विकसित करने की हार्दिक इच्छा रखते हैं जो हमारे दोनों देशों के लोगों के हितों की सेवा कर सके और उनके संबंधों में सार्थक बदलाव ला सके। इस संबंध में मैं आने वाले दिनों में द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों क्षेत्रों में आपसी हित के सभी मामलों पर आपके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।

# 'विश्व युवा विकास मंच' डिजिटल विकास पर केंद्रित

**बीजिंग। चीन के** छोंगछिंग शहर में 'विश्व युवा विकास मंच-2024' के अधीन डिजिटल विकास थीम फोरम गुरुवार को आयोजित किया गया। दुनिया भर से आए सरकारी अधिकारियों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों और युवा प्रतिनिधियों सहित 230 से अधिक प्रतिनिधि 'माउंटेन सिटी' में एकत्र हुए।

उन्होंने डिजिटल विकास और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में कौशल और उद्योगों जैसे विषयों पर चर्चा की। इस बार की थीम फोरम में 'उद्घाटन भाषण', 'मुख्य भाषण', 'वैश्विक युवा विकास कार्य योजना रोड शो' और 'युवा संवाद' जैसे सत्र शामिल किए गए हैं। ऑल-चाइना यूथ फेडरेशन के उपाध्यक्ष शपकती वुशौर ने अपने भाषण में कहा कि युवाओं की प्रत्येक पीढ़ी का अपना-अपना



मिशन होता है। समकालीन युवा डिजिटलीकरण, सूचनाकरण और नेटवर्किंग के युग में बड़े हो रहे हैं। वे डिजिटल प्रौद्योगिकी नवाचार में नई ताकत हैं और डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास का नेतृत्व कर रहे हैं। चीन डिजिटल प्रौद्योगिकी और डिजिटल आर्थिक विकास को बहुत महत्व देता है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की सहायक महानिदेशक मिया सेप्पो ने वीडियो भाषण देते हुए कहा कि डिजिटल युग में युवाओं को अधिक स्थिर रोजगार के मौके खोजने की अनुमति देने के लिए, हमें कौशल विकास को और मजबूत करना चाहिए।

साथ ही डिजिटल अर्थव्यवस्था में रोजगार सृजन को बढ़ावा देना चाहिए, युवा अधिकारों और हितों की रक्षा करनी चाहिए और युवाओं की आवाज सुननी चाहिए।

# शीजांग ने पहला डेयरी पशु विज्ञान और प्रौद्योगिकी केंद्र का उद्घाटन किया

**बीजिंग। चीन** के शीजांग (तिब्बत) स्वायत्त प्रदेश में अपनी तरह के पहले छंगक्वान पठार डेयरी पशु विज्ञान और प्रौद्योगिकी बैकयार्ड ने आधिकारिक तौर पर ल्हासा में अपने दरवाजे खोल दिए हैं।

उद्घाटन समारोह ने क्षेत्र के कृषि विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित किया, जिसमें एक अभिनव मॉडल पेश किया गया जो डेयरी उद्योग के भीतर प्रतिभा प्रशिक्षण, तकनीकी नवाचार और सामाजिक सेवाओं को एकीकृत करता है।

इस बैकयार्ड की स्थापना एक व्यापक पहल का हिस्सा है, जो 2023 में शुरू हुई थी, जब चीन कृषि विश्वविद्यालय ने ल्हासा में चीचाओ डेयरी पशु प्रजनन केंद्र और गाबा पारिस्थितिक चरागाह में डेयरी पशु उत्पादन प्रदर्शन माप पर काम शुरू किया था।

ये प्रयास डेयरी फार्मों का वैज्ञानिक रूप से आकलन करने और डेयरी पशुओं की उत्पादन दक्षता बढ़ाने के लिए प्रबंधन प्रथाओं को अनुकूलित करने पर केंद्रित हैं।

2023 के अंत तक, चीनी शिक्षा मंत्रालय ने शीजांग में छंगक्वान पठार डेयरी पशु विज्ञान और



प्रौद्योगिकी बैकयार्ड के निर्माण को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी। मार्च 2024 में, चीन कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. फांग छ्येनहाई के नेतृत्व में एक टीम ने केंद्र में अपना काम शुरू किया, जिससे डेयरी नवाचार के केंद्र के रूप में इसकी भूमिका और मजबूत हुई।

छंगक्वान पठार डेयरी पशु विज्ञान और प्रौद्योगिकी बैकयार्ड के मुख्य विशेषज्ञ और चीन कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर वांग याछुन ने विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के सहयोग से तकनीकी प्रतिभा को विकसित करने में केंद्र की भूमिका पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, "यह बैकयार्ड कृषि के साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी के एकीकरण को मजबूत करने में आधारशिला होगा, यह सुनिश्चित करेगा कि क्षेत्र का डेयरी उद्योग उन्नत प्रथाओं के साथ फलता-फूलता रहे।"

# मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा को झटका, अमेरिका की अदालत ने भारत में प्रर्त्यपण को मंजूरी दी

**वॉशिंगटन: अमेरिका** की एक अदालत ने मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों में संलिप्तता के आरोपी एवं पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी तहव्वुर राणा को बड़ा झटका देते हुए फैसला सुनाया है कि उसे प्रत्यर्पण संधि के तहत भारत को प्रत्यर्पित किया जा सकता है। ह्ययूएस कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर नाइंथ सर्किटह्ल ने 15 अगस्त को सुनाए अपने फैसले में कहा, ह्य(भारत अमेरिका प्रत्यर्पण) संधि राणा के प्रत्यर्पण की अनुमति देती है।ह्ल राणा ने कैलिफोर्निया में अमेरिकी ह्यडिस्ट्रिक्ट कोर्टह्ल के आदेश के खिलाफ ह्ययूएस कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर नाइंथ सर्किटह्ल में याचिका दायर की थी। कैलिफोर्निया की अदालत ने उसकी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को अस्वीकार कर दिया था।




बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में मुंबई में आतंकवादी हमलों में राणा की कथित संलिप्तता के लिए उसे भारत प्रत्यर्पित किए जाने के मजिस्ट्रेट जज के आदेश को चुनौती दी गई थी। ह्ययूएस कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर नाइंथ सर्किटह्ल के न्यायाधीशों के पैनल ने ह्यडिस्ट्रिक्ट कोर्टह्ल के फैसले की पुष्टि की। प्रत्यर्पण आदेश की बंदी प्रत्यक्षीकरण समीक्षा के सीमित दायरे के तहत, पैनल ने माना कि राणा पर लगाए गए आरोप अमेरिका और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि की शर्तों के अंतर्गत आते हैं। इस संधि में प्रत्यर्पण के लिए ह्यनॉन बिस इन आइडेमह्ल (किसी व्यक्ति को एक अपराध के लिए दो बार दंडित नहीं किए जाने का सिद्धांत) अपवाद शामिल है। जिस देश से प्रत्यर्पण का अनुरोध किया गया हो, यदि ह्यवांछित व्यक्ति को उस देश में उन अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया हो या दोषमुक्त कर दिया गया हो, जिनके लिए प्रत्यर्पण का अनुरोध किया गया हैह्ल, तो ऐसी स्थिति में यह अपवाद लागू होता है।

राणा के पास अपील करने का विकल्प अभी मौजूद

पैनल ने संधि की विषय वस्तु, विदेश मंत्रालय के तकनीकी विश्लेषण और अन्य सर्किट अदालतों में इस प्रकार के मामलों पर गौर करते हुए माना कि अपराध शब्द अंतर्निहित कृत्यों के बजाय आरोपों को संदर्भित करता है तथा इसके लिए प्रत्येक अपराध के तत्वों का विश्लेषण आवश्यक है।

तीन न्यायाधीशों के पैनल ने निष्कर्ष निकाला कि सह-साजिशकर्ता की दलीलों के आधार पर किया गया समझौता किसी अलग नतीजे पर पहुंचने के लिए बाध्य नहीं करता। पैनल ने माना कि ह्यनॉन बिस इन आइडेमह्ल अपवाद इस मामले पर लागू नहीं होता, क्योंकि भारतीय आरोपों में उन आरोपों से भिन्न तत्व शामिल हैं, जिनके लिए राणा को अमेरिका में बरी कर दिया गया था।

पैनल ने अपने फैसले में यह भी माना कि भारत ने मजिस्ट्रेट जज के इस निष्कर्ष का समर्थन करने के लिए पर्याप्त सक्षम सबूत पेश किए हैं कि राणा ने वे अपराध किए हैं, जिनका उस पर आरोप लगाया गया है।

# रक्षाबंधन के दिन आसमान में दिखेगा सुपर ब्लूमून

**वॉशिंगटन: खगोलीय** घटनाओं में दिलचस्पी रखे वालों के लिए एक बेहद खास मौका आने वाला है। इस साल हमें चार सुपरमून दिखाई देंगे। उनमें से पहला हमें रक्षाबंधन के त्योहार के मौके पर दिखाई देगा। 19 अगस्त को दिखाई देने वाला यह चंद्रमा ब्लू मून भी होगा। सवाल उठता है कि आखिर ये चंद्रमा खास क्यों होगा और क्या नाम की ही तरह यह हमें नीला दिखाई देगा? आइए पहले समझें कि सुपरमून क्या होता है? चंद्रमा धरती का चक्कर लगाने के साथ ही धरती के नजदीक और दूर भी होता रहता है। सुपरमून तब होता है जब चंद्रमा पृथ्वी के 90 फीसदी से ज्यादा करीब होता है। सुपरमून शब्द का आविष्कार खगोलशास्त्री रिचर्ड नोले ने 1979 में किया था। पूर्ण सुपरमून को साल का सबसे चमकीला और सबसे बड़ा पूर्ण चंद्रमा माना जाता है। सामान्य चंद्रमा की तुलना में लगभग 30 फीसदी से ज्यादा यह चमकीला होता है और 14 फीसदी बड़ा दिखाई देता है। वहीं दूसरी तरफ ब्लू मून दो तरह के होते हैं और इनका नीले रंग से कोई लेना-देना नहीं होता। पहला ब्लू मून मौसमी होता है। इसमें एक ही मौसम में चार पूर्णिमा होती है। तीसरी पूर्णिमा को ब्लू मून कहा जाता है, जैसा हमें 19 अगस्त को दिखेगा।

ब्लू मून क्यों है खास

दूसरे प्रकार का ब्लू मून मासिक होता है। यह तब होता है जब एक ही महीने में दो पूर्णिमा आ जाए। ऐसे में दूसरी पूर्णिमा को ब्लू मून कहा जाएगा। पहली बार ब्लू मून को 1528 में दर्ज किया गया।

# तुर्की की संसद बनी जंग का मैदान

**अंकारा: तुर्की** की संसद में मारपीट देखी गई है। शुक्रवार को तुर्की की संसद में तीखी बहस के बाद सत्तारूढ़ एकेपी पार्टी के सदस्यों और विपक्षी सांसदों के बीच हाथापाई हो गई। विवाद का कारण विपक्षी सांसद की ओर से अपने सहयोगी को सदन में बुलाने की मांग है, जो सरकार विरोधी प्रदर्शन के कारण जेल में बंद है। लेकिन एक सांसद चुने जाने के बावजूद कैद में हैं। वर्कर्स पार्टी ऑफ तुर्की (ळक्ढ) के सदस्य अहमत सिक ने अपने सहयोगी कैन अटाले की रिहाई की मांग की। वीडियो में दिख रहा है कि सत्ताधारी एकेपी पार्टी के सांसद मुक्का मारने के लिए दौड़ रहे हैं। दर्जनों लोग इस हाथापाई में शामिल हो गए। कुछ दूसरों को रोकने की कोशिश कर रहे थे। मारपीट के बाद संसद की सफेद सीढ़ियों पर खून बिखरा हुआ दिखाई दिया। 2013 में कथित तौर पर राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन के जरिए सरकार को उखाड़ फेंकने की कोशिश के आरोप में अटाले को 2022 में 18 साल की सजा सुनाई थी।

सोशल वर्कर उस्मान कावला समेत छह अन्य पर भी साजिश में होने का आरोप लगा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# इजरायल पर हमला 'प्रलय' ला देगा... अमेरिका ने ईरान को दी चेतावनी, हमास के साथ डील लगभग तय

**वॉशिंगटन: इस** बात की आशंका लगातार बनी हुई है कि ईरान कभी भी इजरायल पर हमला कर सकता है। इसे लेकर अब अमेरिका के एक अधिकारी ने ईरान को विनाशकारी परिणाम की चेतावनी दी है। ईरान में हमास चीफ इस्माइल हानिया की मौत हो गई थी। ईरान का आरोप है कि हानिया की मौत में इजरायल का हाथ है। ईरान ने इसका बदला लेने की बात कही थी। अमेरिकी अधिकारी ने कहा इजरायल पर ईरान अगर हमला करता है तो इसके विनाशकारी परिणाम होंगे और यह गाजा युद्धविराम की बातचीत को भी पटरी से उतार देगा।

एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि अमेरिका ईरान को प्रोत्साहित करेगा कि वो एक ऐसे रास्ते पर न चलें, जिसका परिणाम काफी विनाशकारी हो सकता है, खासकर ईरान के लिए। अधिकारी ने आगे कहा, 'यह हमास था, जो ईरान का एक प्रॉक्सी है, जिसने 7 अक्टूबर को इस युद्ध की शुरूआत की थी। यह विडंबना होगी अगर ईरान कुछ ऐसा करता है, जिससे युद्धविराम और बंधक रिहाई की बातचीत पटरी से उतर जाए। हमें लगता है कि कई महीनों में यह हमारे पास सबसे अच्छा मौका है।'

संघर्षविराम के करीब पहुंचे इजरायल-हमास

गाजा युद्ध संघर्षविराम वार्ता के मध्यस्थों ने शुक्रवार को जानकारी दी कि दो



दिवसीय वार्ता समाप्त हो गई और उनका लक्ष्य अगले सप्ताह काहिरा में होने वाली बैठक में युद्धविराम समझौते पर मुहर लगाना है। अमेरिका, मिस्र और कतर ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वार्ता रचनात्मक थी और सकारात्मक माहौल में हुई। उन्होंने दोनों पक्षों के सामने एक प्रस्ताव पेश किया और आने वाले दिनों में इसे लागू करने के विवरण पर काम करना जारी रखने की उम्मीद जताई। बयान के मुताबिक, संघर्षविराम वार्ता का यह नया दौर बृहस्पतिवार को शुरू हुआ और इसका उद्देश्य 10 महीने से जारी युद्ध को रोकना और बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करना था।

इजरायल से वर की दगाबाजी, ईरान को क्यों दे दी हानिया के हत्यारे मोसाद लड़ाकों की लिस्ट ?

युद्धविराम को लेकर बाइडन को आशा

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन गाजा में इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के समझौते की संभावनाओं को लेकर शुक्रवार को आशान्वित नजर आए और कहा, ह्यहम पहले की तुलना में इस बार समझौते के काफी अधिक करीब" हैं। दोहा में दो दिनों की वार्ता के बाद ओवल कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में बाइडन ने कहा, 'मैं नकारात्मक टिप्पणी नहीं करना चाहता, लेकिन संघर्ष विराम तीन दिन पहले की तुलना में बहुत करीब है।' इस दो-दिवसीय वार्ता में अगले सप्ताह वार्ता जारी रखने पर सहमति बनी। दस महीने से चल रहे युद्ध में यह पहली बार नहीं है कि बाइडन ने समझौते को लेकर आशा व्यक्त की हो। बाइडन ने शुक्रवार को कहा, 'हमारे पास कुछ हो सकता है। लेकिन हम अभी तक वहां नहीं पहुंचे हैं।'